| 01 | 30/ 12.06.2025 | 170014 | बीजापुर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय शा.उ.मा.वि. सकनापल्ली वि.ख. भोपालपटनम (फिनिशिंग) | 31.27812 | 2nd Call | 23500/- |

उपरोक्त निविदा कार्य की निविदा की अंतिम तिथि (Bid due date) 30.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid Start date) 16.06.2025 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

G- 252601541/4

कलेक्टर
जिला बीजापुर

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, शनिवार, 14 जून 2025
pratidinrajdhani.in

## संक्षिप्त खबर



## चिनाब पुल ने दिलों को भी जोड़ा है: टी. जी. सीथाराम

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज के निर्माण में प्रारंभ से ही जुड़े रहे ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर टी. जी. सीथाराम ने जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाली इस पूरी परियोजना को अति विशिष्ट बताते हुए कहा कि चिनाब ब्रिज विश्व का एक नया अजूबा है, जिसका निर्माण भारतीय इंजीनियरों ने किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर को हर मौसम में जोड़ने के लिए तैयार किए गए इस पुल ने दिलों को भी जोड़ा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश के हर नागरिक की इसमें जबरदस्त भूमिका है। इंजीनियरिंग की मिसाल इस ब्रिज का सपना साकार करने में हजारों इंजीनियरों और श्रमिकों ने महती भूमिका अदा की है। चिनाब ब्रिज के निर्माण की अद्वितीय यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में जब पहली बार मैंने चिनाब घाटी में कदम रखा, तब मुझे अंदाज़ा नहीं था कि मैं इतिहास के निर्माण का हिस्सा हूँ। वहां की भौगोलिक स्थिति अत्यंत कठिन थी, जमीन अस्थिर थी और अपेक्षाएँ बहुत ऊँची। फिर भी हमारा विजन स्पष्ट था कि हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, राष्ट्रीय गौरव का निर्माण करने वाले हैं।

कश्मीर की पर्याय चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर बने इस पुल को विज्ञान, आत्मा और राष्ट्रीय चेतना की यात्रा बताते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों की इस प्रक्रिया में हजारों इंजीनियरों, श्रमिकों और वैज्ञानिकों का समर्पण समाहित है। उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान (ढ्ढढ्ढस्ष्) की टीम के साथ पुल के निर्माण में अपनाए गए लचीले दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला, जिसमें रीयल टाइम फील्ड डेटा, एडवांस सिमुलेशन और समावेशी तकनीक का बेहतर इस्तेमाल शामिल था, ताकि भौगोलिक अस्थिरता और दुर्गम इलाकों की चुनौती पर फतह हासिल की जा सके। प्रो. सीथाराम ने कहा कि हर कील, हर नींव और सपोर्ट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि विश्वास का निर्माण था। इंजीनियरिंग सिर्फ प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है। चिनाब ब्रिज इस बात का जीवंत प्रमाण है कि

### सुषमा के स्नेहिल सृजन

**छंद-मनहरण घनाक्षरी**
**विमान दुर्घटना ‑एक करुण प्रहर**

आँखें अश्रु से हैं भीगी, रुदन कम्पित हुआ,
साँसें भी बोझिल हुई,
संसार अधीर है।
जग में अनंत दुख, मिले कैसे कहाँ सुख?
अश्रु की अमिट भाषा,
चारों ओर पीर है।
स्वप्न था लेकर चला, नभ में उड़ान भरा,
विमान है क्रैश हुआ,
दृश्य ये गंभीर है।
'सुषमा' सुंदर दिन, सुखद संदेशा बिन,
कलम भी रोती यहाँ,
शोक की तस्वीर है।

सुषमा प्रेम पटेल 20250613

## विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष - लक्ष्य से 42 हजार यूनिट अधिक रक्त संग्रह,



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

विश्व रक्तदाता दिवस पर छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। प्रदेशवासियों ने स्वैच्छिक रक्तदान को केवल एक स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया। लक्ष्य से अधिक रक्त संग्रह कर राज्य ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज का हर वर्ग एक उद्देश्य से जुड़ता है, तो परिणाम असाधारण होते हैं। इस अवसर पर प्रदेश में सेवा और संकल्प का ऐसा समन्वय देखने को मिला, जिसने रक्तदान को एक जनआंदोलन का रूप दे दिया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ने सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं चलाया-बल्कि एक ऐसा जनांदोलन खड़ा किया, जिसने सेवा, संकल्प और सामुदायिक चेतना का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह महज़ सरकारी आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनमानस की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है। राज्य ने 2.55 लाख यूनिट के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 2 लाख 97हज़ार 130 यूनिट रक्त संग्रह कर 116न्न उपलब्धि हासिल की है-जो राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रेरणादायक कीर्तिमान है।

# बस्तर में बदल रही तस्वीर, नक्सल हिंसा की जगह अब छाई खुशियां

### नक्सल पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना के प्रभाव से माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवक-युवतियों और नक्सल पीड़ितों ने नई जिंदगी की शुरुआत की है।

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में, जहां कभी गोलियों की गूज सुनाई देती थीं, वहां अब हर जगह खुशी और उल्लास की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और छत्तीसगढ़ सरकार ी नक्सल पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना के प्रभाव से माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवक-युवतियों और नक्सल पीड़ितों ने नई जिंदगी की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बस्तर संभाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह इस बदलाव के सा बने हैं। सुकमा के मिनी स्टेडियम में 13 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में दो आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ों मौसम महेश-हेमला मुन्नी और मड़कम पाण्डू-रव्वा भीमे ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह रचाया। ये चारों जून 2024 में नक्सल संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण कर चुके थे। मुख्यमंत्री ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर साय ने सुकमा जिले को 206 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी दी। नवदंपतियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और पुनर्वास योजनाओं ने उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह अपनाने के लिए प्रेरित किया।

दंतेवाड़ा में 220 जोड़ों का सामूहिक विवाह, पूवर्ती की नक्सल पीड़िता ने जवान संग रचाई शादी दंतेवाड़ा के मेंढका डोबरा में मंदिर परिसर में 20 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 220 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन शुरू किया। इनमें पूवर्ती गांव की एक नक्सल पीड़िता और वहां तैनात जवान का जोड़ा भी शामिल था। पूवर्ती, जो कभी खूंखार नक्सली हिड़मा और देवा का गढ़ था, अब सरकार की योजनाओं और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से भयमुक्त होकर खुशहाली की



ओर अग्रसर है। नियद नेल्लानार योजना के तहत धुरली गांव के दो जोड़ों सीमा भास्कर-रमेश भास्कर और सुंदरी तेलाम-धन्नु कुंजाम ने भी विवाह रचाया। सभी नवदंपतियों के बैंक खातों में 35 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने बस्तर के निर्धन परिवारों को नया जीवन दिया है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपये सीधे वधु के खाते में हस्तांतरित होते हैं। विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में अब तक 15 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न हो चुका है।

## मोदी सरकार विकास के लिए समर्पित - डॉ.सुभऊ कश्यप पूर्व विधायक




**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

विकसित भारत के अमृत काल में केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लगातार 11वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला नारायणपुर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ.सुभऊ कश्यप पूर्व विधायक बस्तर ने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित है।11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यही है नया भारत, यही है मोदी सरकार पर विश्व का विश्वास। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के लिए 2014 से कार्य कर रहे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके मंत्रीमंडल पर भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप नहीं लगा है। मोदी शासन काल में जीरो टॉलरेंस एवं 100,न्नयोजनाओ का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। सरकार का पैसा सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11साल के कार्यकाल में नये भारत का निर्माण कर रहे हैं।2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. सुभऊ कश्यप ने कहा कि मोदी है तो हर कार्य मुमकिन है। रक्षा के क्षेत्र में पहले भारत सैन्य सामग्री आयात करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया के माध्यम से भारत आज सैन्य सामग्री निर्यात कर रहे हैं। मोदी जी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को शीर्ष स्तर पर ले गए हैं आज हर देश भारत की ओर देख रहा है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण कार्यक्रमों को इमानदारी से लागू कर गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया।आज 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये है।इन 11 वर्षों में युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की योजना बनाई गई है। भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने मजबूत नींव रखी गई है। मोदी जी ने देश को एक सुपर पावर देश बनाया है जहां हर भारतवासी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आपरेशन सिंदूर में हमारे सैनिक पाकिस्तान के अंदर अपने लक्ष्य को भेद कर सुरक्षित वापस आ गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश को महान, आत्मनिर्भर, विकसित भारत बनाने दिन रात मेहनत कर रहे हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार में भारत के उत्कृष्ट वैज्ञानिको को दिए गए महत्व एवं उनकी प्रतिभा को दी गई पहचान से भारत ने 2024 में चंद्रयान-3 की सफलता और अब गगनयान की तैयारी की जा रही है। मोदी सरकार में 99न्न गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 81 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अन्न दिया।

## युक्तियुक्तकरण नीति से 12 स्कूलों में वाणिज्य विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति

### ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर शिक्षण, शैक्षणिक स्तर में आएगा सुधार

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति ने कबीरधाम जिले की शैक्षणिक तस्वीर को सकारात्मक रूप से बदलना शुरू कर दिया है। इस नीति के तहत अब शासकीय स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे छात्रों को उनकी कक्षा और विषय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

जिले के 12 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में वाणिज्य विषय के लिए विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की तैनाती की गई है। इसमें खैरबनाकला, रेंगखार कला, रामपुर, गेंदपुर, सिलहाटी, सूरजपुरा वन, नवघटा, कुकदूर, खैरझिटी पुराना, पलानसरी, पंडरिया और सिंघारी के स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में अब विद्यार्थियों को विषय की गहरी समझ के साथ-साथ उचित मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा, जो उनके शैक्षणिक और करियर विकास के लिए बेहद जरूरी है। इस पहल का उद्देश्य केवल शिक्षक तैनाती नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में संतुलन और प्रभावशीलता लाना है। पहले जहां अनेक ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण विषय विशेष की पढ़ाई बाधित होती थी, अब युक्तियुक्तकरण नीति के तहत प्रत्येक विषय के लिए योग्य शिक्षक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खासकर ग्रामीण व दूरस्थ अंचलों के छात्रों को समान और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अवसर



प्राप्त होंगे।

शासन की यह नीति न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण विद्यार्थियों की रुचि और आवश्यकता के अनुसार शिक्षण व्यवस्था को सशक्त बना रही है। इससे छात्रों के शैक्षणिक स्तर और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही, ये विद्यार्थी अब प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलतापूर्वक भाग लेने में भी सक्षम होंगे। युक्तियुक्तकरण नीति शिक्षा क्षेत्र में एक दूरदर्शी और क्रांतिकारी कदम सिद्ध हो रही है, जो न केवल व्यवस्था को मजबूत बना रही है बल्कि शिक्षण को परिणाममुखी भी बना रही है। इसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा, खासकर उन बच्चों को जो अब तक संसाधनों की कमी और योग्य शिक्षकों की अनुपलब्धता के कारण पिछड़ रहे थे।

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

राज्य के सुदूर वनांचल बीजापुर के खिलाड़ियों ने चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर राज्य का नाम देश मे रोशन किया है। बीजापुर की गर्ल्स टीम ने इस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गठित टीम में बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इन खिलाड़ियों में अनुराधा कोवासी ,अस्मिता मरपल्ली, ज्योति ओयाम ,रिंकी हेमला, लक्ष्मी बघेल और पूजा कोरसा शामिल है। इन सभी 6 खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ को पदक प्राप्त करने में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बीजापुर की इन खिलाड़ियों को कलेक्टर के द्वारा पदक पहनाकर स्वागत किया गया। इसी तरह बैंकॉक में आयोजित हुई एशियाई चौंपियनशिप सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल राकेश पुनेम और राकेश की बारीकियों से लेकर देश-विदेश से आए टीमों के बारे उनके परफॉर्मेंस तथा भारतीय टीम का रेंक इत्यादि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने खिलाड़ियों हौसला बढ़ाया और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सिंधी समाज के गो प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ने सम्बंधी पुस्तिका का श्री विद्या मठ वाराणसी में किया विमोचन

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

वाराणसी/रायपुर। परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्री॒ अविमुक्तेश्वरानंद॒ सरस्वती जी महाराज द्वारा देश के अन्य शंकराचार्यों एवं अनेक गोप्रेमी संगठनों का साथ लेकर गौमाता के प्राणों की रक्षा व उनको राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु चलाए जा रहे गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन को देश विदेश में बसा सिंधी समाज तन-मन-धन से साथ देगा। यह संकल्प परम धर्म संसद 1008 के केन्द्रीय कार्यालय श्रीविद्यामठ, वाराणसी में मसन्द सेवाश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ के पीठाधीश एवं परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री, सिंधी समाज के विख्यात संत साई जलकुमार मसंद साहिब जी की अध्यक्षता में आयोजित शंकराचार्य स्वामिश्री॒ अविमुक्तेश्वरानंद॒ सरस्वती जी महाराज द्वारा देश विदेश में बसे सिंधी समाज के गो प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ने सम्बंधी पुस्तिका के किये गये विमोचन के कार्यक्रम में उभर कर सामने आया। पूज्यपाद शंकराचार्य महाराज जी ने बताया कि मसंद सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश, जिन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ के दौरान हमारी संस्था परम धर्म

### देश विदेश में बसा सिंधी समाज शंकराचार्यों के गो प्रतिष्ठा आन्दोलन को देगा साथ - साई मसंद



संसद 1008 का संगठन मंत्री भी नियुक्त किया गया है, ने वर्ष 2012 से 2015 के मध्य देश के सभी शंकराचार्यों, संतों के सभी 13 अखाड़ों के प्रमुख महंतों, उनके द्वारा सुझाए गए अखाड़ों के 130 पदाधिकारी महामंडलेश्वरों, गायत्री परिवार, आर्य समाज आदि अनेक प्रसिद्ध धार्मिक संगठनों के प्रमुखों तथा अनेक अन्य महान संतों के साथ भेंटवार्ता की तिथियां तय कर उनके साथ लम्बी बैठकें की थीं। उन्होंने देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित धर्म का राज स्थापित कर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की अपनी कार्ययोजना से हम सभी को अवगत कराया था। उनका यह प्रयास देश में सनातन धर्म के राज, जिसे हिंदू राष्ट्र भी कहा जा सकता है की आवश्यकता का वातावरण बनाने में बहुत सहायक हुआ। कार्यक्रम में वाराणसी की सेन्ट्रल सिंधी पंचायत, अनेक मुहल्ला सिंधी पंचायतों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी व अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ साथ शंकराचार्य महाराज जी से जुड़े विभिन्न संगठनों के भी प्रमुख लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शंकराचार्य महाराज जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अलग अलग मंदिरों में अलग अलग देवी देवताओं के विग्रह प्रतिष्ठित हैं लेकिन किसी भी मंदिर में 33 कोटि देवी देवता प्रतिष्ठित नही हैं। लेकिन हमारे पूर्वजों ने गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं की प्रतिष्ठा की। इसलिए आज भी हमारे घरों में पहली रोटी गाय को समर्पित कर यह माना जाता है कि 33 कोटि देवी देवताओं को भोग लग गया। उन्होंने कहा कि हमें देशी नस्ल के गायों की पहचान कर भावी पीढ़ी हेतु उनकी रक्षा करनी होगी। गौमाता को राष्ट्रमाता रूप में प्रतिष्ठित कराने के बाद उनकी स्थिति में अंतर आएगा।

आयोजन की अध्यक्षता करते हुए पूज्य साईं जलकुमार मसन्द साहिब जी ने कहा कि हम जब शंकराचार्य जी महाराज को और उनके द्वारा किए जा रहे धर्मकार्यों को देखते हैं तो लगता है कि ईश्वर ने शंकराचार्य जी महाराज को अपने प्रतिनिधि के रूप में हम सबके मध्य भेजा है। पूज्य के साथ गौमाता के प्राणों की रक्षा हेतु सिद्ध भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि गो सिद्धांतों पर आधारित धर्म के शासन की स्थापना का आधार बनेगा और इससे भारत के पुनः विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त होगा।

**निरीक्षण के दौरान संरचनात्मक संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं की हुई समग्र समीक्षा**

## तरुण प्रकाश, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा चांदाफोर्ट-वडसा रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आज दिनांक 13 जून 2025 को नागपुर मंडल के चांदाफोर्ट-वडसा रेलखंड का एक दिवसीय संरक्षा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा, परिचालन, कार्य प्रणाली, रख-रखाव एवं यात्री सुविधाओं की समग्र समीक्षा की । इस अवसर पर मुख्यालय के सभी विभाग प्रमुख, मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर श्री दीपक कुमार गुप्ता सहित मंडल के शाखाधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे । संरक्षा निरीक्षण की शुरुआत सुबह 09ः00 बजे चांदाफोर्ट स्टेशन से हुई । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चांदाफोर्ट एवं वडसा में किए जा रहे



कार्यों, इस खंड पर निर्माणाधीन लूप लाइन, प्रस्तावित कॉर्ड लाइन, पैनल एवं प्वाइंट व क्रॉसिंग क्रमांक 41बी का निरीक्षण किया । इस दौरान चांदाफोर्ट से केलझर खंड में कर्व नंबर 80 एवं पुल संख्या 322, केलझर से मुलमारोरा स्टेशन के बीच लोडिंग पॉइंट, लेवल क्रासिंग गेट क्रमांक जीसीएफ़-125, मुलमारोरा से राजोली रेलखंड में पुल संख्या 270 एवं एसईजे नंबर 18, तथा राजोली से आलेवाही स्टेशन तक गति परीक्षण कर ट्रैक की स्थिरता और संरचनात्मक स्थिति का मूल्यांकन किया गया । महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश द्वारा निरीक्षण के दौरान तोलेडीह पैसेंजर हाल्ट एवं नागभीड़ स्टेशनों पर ट्रैक मेंटेनेंस गैंग स्टाफ से प्रत्यक्ष संवाद किया गया । उन्होंने कर्मचारियों से कार्य में आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की उपलब्धता और संरक्षा मानकों के पालन के विषय में जानकारी ली । ट्रैक अनुरक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । इ स के अतिरिक्त, केलझर स्टेशन पर महाप्रबंधक महोदय ने गुड्स फ्रेट लोडर कर्मियों से भी संवाद किए । लोडिंग कार्यों की प्रक्रिया, संरक्षा उपायों एवं संचालन से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई । कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए, जिन पर यथोचित कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए । निरीक्षण के अंतर्गत महोदय ने आलेवाही से तोलेडीह रेलखंड के एलएचएस क्रमांक 56, नागभीड़ में रनिंग रूम, स्टेशन पैनल, रेलवे इंस्टीट्यूट, टीएसएस, नागभीड़-इतवारी गेज कन्वर्जन कार्यों, स्वास्थ्य इकाई एवं एआरएमई स्केल-1 का निरीक्षण किया । ब्रह्मपुरी-वडसा रेल खंड का भी निरीक्षण करते हुए उन्होंने ब्रह्मपुरी से वडसा के मध्य स्थित महत्वपूर्ण पुल संख्या 159, स्टेशन पैनल, रेलवे कॉलोनी, यात्री सुविधाएं, गुड्स शेड और वडसा-गडचिरोली नई रेललाइन दौरान महाप्रबंधक महोदय ने नागभीड़ स्टेशन स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी गहन जायजा लिया ।

## सम्पादकीय

# अहमदाबाद विमान हादसा क्या उड़ान सुरक्षा मानकों पर फिर उठने लगे हैं सवाल?

अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुई भीषण विमान दुर्घटना ने देश को झकझोर दिया है। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद हुई इस दुर्घटना से जांचकर्ताओं और विमानन विशेषज्ञों के सामने कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। भारत में पिछले दशकों में कई हवाई दुर्घटनाएं देखी गई हैं। हरेक हादसे के बाद विमानन क्षेत्र में सुरक्षा के नए मानकों को लेकर मंथन हुआ है और जरूरी बदलाव किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक छानबीन के तय मानक हैं और सुझावों को हर देश को मानना होता है। सवाल उठता है कि अहमदाबाद में क्या हुआ। हादसे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनसे स्पष्ट है कि विमान उड़ते समय नीचे गिरा। अचानक विमान की बिजली ठप हो जाने से ऐसा होता है। इससे इंजन बंद हो जाते हैं, लेकिन इस बात की कम संभावना होती है कि किसी विमान के दोनों इंजन एक साथ बंद हो जाएं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हादसे में एक बात खटकने वाली है। विमान के उड़ान भरते ही लैंडिंग गियर को ऊपर उठा दिया जाता है, लेकिन इसका लैंडिंग गियर नीचे था। संभव है कि पायलट को इंजन में खराबी का पता चला हो और उसने संभालने की कोशिश की हो।

दरअसल, विमान का उड़ान भरना और उतरना उड़ान का सबसे खतरनाक चरण होता है। जब यह हादसा हुआ, तब विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या चालक दल किसी एक ही समस्या से निपट रहा था या एक साथ कई समस्याओं से। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। जब जांच होगी तो पहला सवाल यही पूछा जाएगा कि यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं। जेट विमानों में कई सहयोगी प्रणालियां होती हैं जिसमें केवल एक इंजन के साथ ऊपर चढ़ने की क्षमता भी शामिल होती है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि एअर इंडिया के इस विमान ने कितनी उड़ानें पूरी की थीं। फ्लाइट रडार24 के आंकड़ों के मुताबिक, यह विमान एक दशक से भी ज्यादा पुराना था। बोइंग के ड्रीमलाइनर को लेकर अतीत में सुरक्षा संबंधी चिंताएं सामने आई थीं, लेकिन कभी दुर्घटना नहीं हुई थी।

भारतीय वायु क्षेत्र में पिछला बड़ा हादसा 2020 में हुआ था, जब एअर इंडिया एक्सप्रेस की सहायक कंपनी का एक यात्री विमान केरल में बारिश से भीगे रनवे पर फिसल गया और दो टुकड़ों में टूट गया। कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में, एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान मैंगलोर में एक पहाड़ी रनवे से फिसल गया था। विमान में आग लग गई थी, जिसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। यह वह दौर था, जब भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और व्यावसायिकता को लेकर कई स्तर पर लोग चिंतित थे। अब स्थिति सुधरने लगी थी और विमानन क्षेत्र ने करवट लेनी शुरू की थी। सरकार ने उड़ान समेत कई नई योजनाएं शुरू कीं। ऐसे में बड़े हादसे से समूची कवायद ठिठक जाएगी। उठे सवालों पर मंथन कर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि झकझोर देने वाले इस हादसे से विमानन कंपनियों समेत तमाम पक्ष सबक लेंगे और सुरक्षा की सौ फीसद गारंटी दी जा सकेगी।

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो

**विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है।**

**ललित गर्ग।**

भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है – बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल



के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी?

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

**प्रह्लाद सबनानी।**

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णत: अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना




में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं। यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

# आतंकवाद और पाकिस्तान-चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

**संतोष कुमार पाठक।**

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है। पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह



एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता। जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है। भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ? बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है। भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है?

## मेष

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें। दिल की बात किसी को नहीं बतलाएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

## वृषभ

शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। शारीरिक समस्या हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

## मिथुन

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

## कर्क

दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कोई बड़ा कार्य तथा लंबे प्रवास का मन बनेगा।

## सिंह

'बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। शेयर मार्केट आदि में विवेक से निर्णय लें।

## कन्या

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। पुराना रोग उभर सकता है। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

## तुला

किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी।

## वृश्चिक

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में सुख-शांति बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

## धनु

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। कोई कारोबारी बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

## मकर

पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

## कुंभ

वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। पुरानी व्याधि पर व्यय होगा। किसी अपने ही व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

## मीन

शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है। सफलता प्राप्त करेंगे। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

# 3 करोड़ 37 लाख की लागत से बन रहें शाला भवन का विधायक मूणत ने किया निरीक्षण

- शाला भवन बार बार नहीं बनते,40-50 साल में एक बार बनते है
- पूर्व केबिनेट मन्त्री पश्चिम विधायक राजेश मूणत के कोटा में नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम जोन 2 अंतर्गत दानवीर भामाशाह वार्ड में 3 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से बन रहे शाला भवन का आज प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निरीक्षण किया. निरीक्षण में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़, जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

शाला भवन का कार्य बहुत सुव्यवस्थित एवं अच्छे रूप से किया जा रहा है इस पर पश्चिम विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त की. पश्चिम विधायक ने शाला के भूतल प्रथम तल द्वितीय तल सभी का निरीक्षण किया।

राजेश मूणत ने कहा कि शाला कक्ष में दरवाजे मजबूत लगाए जाएँ।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित शाला प्राचार्य से भी रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने चर्चा की तथा उनसे पूछा कि उन्हें और क्या सुविधा शाला परिसर में चाहिए? इस दौरान शाला प्राचार्य ने पश्चिम विधायक को बताया कि समग्र शिक्षा से 200 बेंच टेबल शाला को मिल रहे हैं. इसके अलावा उन्होंने प्रयोगशाला कार्य भी जल्दी कराने की मांग की.इस पर पश्चिम विधायक ने जोन 2 जोन कमिश्नर को निर्देशित किया. शाला के कार्यक्रमों के लिए भी जगह का प्लान करने के निर्देश पश्चिम विधायक ने दिए.

प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कोटा राम दरबार के पीछे बन रहे नवीन शासकीय महाविद्यालय के कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि इसका एक वर्क चार्ट बनाकर देवें, ताकि साप्ताहिक कार्य प्रगति की समीक्षा की जा सके।

इस दौरान वार्ड पार्षद अमन सिंह ठाकुर ने स्थल पर और शासकीय भूमि होने की बात बताकर यहां पर सीमांकन कराने की मांग की. इस पर पश्चिम विधायक ने इसे शीघ्र कराने पर सहमति जताई।

**रायपुर पश्चिम विधायक ने** कॉलेज भवन की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए।

# टीम प्रहरी निगम नगर निवेश ने जोन 9 क्षेत्र में फुण्डहर में अवैध कब्जा हटाया

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

गोलबाजार व्यापारी संघ सहित जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने जोन कमिश्नर सहित निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम ने गौरवपथ मार्ग को कब्जामुक्त करने अभियान चलाया. जोन 7 नगर



दुकानदारों को सामान अंदर रखने दी समझाईश

रायपुर - रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप और रायपुर जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति में टीम प्रहरी द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जोनों के नगर निवेश विभाग अधिकारियों सहित राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु विभिन्न मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही की है. आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा आजाद चौक के समीप अभियान चलाकर मार्ग को कब्जामुक्त किया गया. जोन 2 नगर निवेश विभाग ने डीआरएम ऑफिस के पास अभियान चलाया और मार्ग के अवैध कब्जों को हटाया. जोन 2 की टीम द्वारा विभिन्न मुख्य मार्गों के विद्युत पोलों, चौक-चौराहों से अभियान चलाकर अवैध बैनर-पोस्टर हटाए. जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा ने जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह, उप अभियंता श्री नवीन वर्मा की उपस्थिति में गोलबाजार व्यापारी संघ के पदाधिकारियों सहित गोलबाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को दुकान की सीमा के भीतर सामान रखने की समझाईश दी, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर कब्जा जमाकर रखे सामानों को जप्त करने की स्पष्ट चेतावनी दी. टीम प्रहरी का अभियान आगे भी जारी रहेगा.

## रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण शुल्क वृद्धि का चौतरफा विरोध,काउंसिल कार्यकारिणी की बैठक में वापसी पर निर्णय संभव

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण शुल्क वृद्धि का चौतरफा विरोध झेल रहे छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कॉउंसिल के अध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार ने आज कार्यकारिणी की आपात बैठक बुलाई है। समझा जा रहा है कि बैठक में वृद्धि वापसी पर निर्णय लिया जा सकता है। इस वृद्धि का न केवल सदस्य बल्कि जिला दवा विक्रेता संघों के द्वारा भी विरोध किया जा रहा है। आधा दर्जन जिलों से विरोध और वापस न होने पर हड़ताल करने की चेतावनी जारी की जा चुकी है। इसी तरह से जिला औषिधि विक्रेता संघ बिलासपुर के अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव सच्चानंद तिर्थानी, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. पंकज मशीह, महासचिव लव प्रकाश देवांगन ने भी वृद्धि का विरोध किया है। दोपहर 3 बजे तक यह बैठक शुरू नहीं हो पाई थी। अध्यक्ष अरूण मिश्रा, सदस्य निकेश देवांगन ने बैठक शुरू न होने की जानकारी दी है। देर शाम तक इस पर कोई निर्णय लेने पर सूचना दी जाएगी।

इस बढ़ोतरी के निर्णय बहुमत का दुरुपयोग करते हुए आमसभा में लिया गया था तो क्या अध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार पूर्व की भांति इस बार भी आम सभा के निर्णय नियम विरुद्ध जाकर कार्यकारिणी की बैठक में बदल देंगे? नियमित अध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार को आपातकालीन विशेष सम्मेलन बुलाकर जो शुल्क बढ़ाए गए हैं उसे पर चर्चा करके निर्णय को वापस लेना चाहिए लेकिन अध्यक्ष एवं रजिस्टर एवं कार्यकारिणी सदस्य इससे पहले भी कई बार आम सभा के निर्णय को कार्य करने में बदल देते हैं जो कि सर्वथा नियम के विरुद्ध है।इससे पहले भी अध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार ने माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध विशेष सम्मेलन बुलाया था और अपने मनमानी निर्णय लिए हैंअध्यक्ष, रजिस्ट्रार एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा काउंसिल के बाकी सदस्यों का इसी तरीके से अपमान किया जाता है जब निर्णय केवल 6 ही लोगों को लेना है तो काउंसिल में बाकी लोगों की क्या जरूरत है।

# गांजा बेचकर बनाई 70 लाख की संपत्ति कुर्क, मकान-कार-स्कूटी शामिल

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

गांजा तस्करी के मामले में आरोपी सुशंकर व्यापारी के खिलाफ सफेमा एक्ट की कार्रवाई की गई। अर्जित संपत्ति को कुर्क किया गया। आरोपी की कुल 70 लाख की संपत्ति अटैच किया गया। पुलिस के मुताबिक आईजी अमरेश मिश्रा ने जिले में एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत् व्यापारिक मात्रा में मादक पदार्थ के जप्ती किये जाने पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के धारा 68 (एफ) के तहत् आरोपी के संपत्ति की जांच कर, अटैचमेंट की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसपर एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर थाना मुजगहन के अपराध क्रमांक 36/2024 में जप्त गांजा 45.50 किलोग्राम के आरोपी सुशंकर व्यापारी निवासी कौशिल्या विहार रायपुर के संपत्ति के संबंध में वित्तीय विवेचना किया गया। जिस पर आरोपी सुशंकर व्यापारी के नाम पर एक टाटा अल्टो कार, एक स्कूटी, सिंगारपुरी कैम्प रायपुर में एक प्लाट कीमत 20 लाख रूपये एवं कौशिल्या विहार सेक्टर 2 रायपुर में बना हुआ मकान कीमत 50 लाख रूपये कुल कीमत 70 लाख रूपये की संपत्ति अवैध रूप से अर्जित किया जाना पाया गया। जिस पर धारा 68 एफ (2) एनडीपीएस एक्ट के तहत् विवेचना कर संपत्ति अटैचमेंट कर सफेमा मुंबई को भेजे की कार्रवाई की गई। रायपुर में इस प्रकार के पहली कार्यवाही है, वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट के कई अन्य प्रकरणों में आरोपियों की संपत्तियों की जांच की जा रही है।

# छीसगढ़ किकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के आठवें दिन का पहला मैच राजनांदगांव पैंथर्स ने जीता आशीष डहरीया बने प्लेयर ऑफ द मैच



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 जून 2025 से 15 जून 2025 तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है।

आज का पहला मैच राजनांदगांव पैंथर्स तथा बस्तर बायसंस के मध्य खेला गया। राजनांदगांव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। बस्तर बायसंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 141 रन बनाये। बस्तर बायसंस की ओर से अवनिश सिंह धालीवाल ने 18 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त राहुल प्रधान ने 24 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने 3 विकेट तथा जिवेश भुटे ने 2 विकेट प्राप्त किये।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स ने 13.5 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 142 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से आशीष डहरीया ने 45 गेंदों में 82 रन नाबाद तथा कप्तान अजय मंडल ने 60 नाबाद रनों की पारी खेली। राजनांदगांव पैंथर्स ने मैच 10 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच आशीष डहरीया - मोस्ट सिक्सेस -आशीष डहरीया

# शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वय से संवरेंगे बच्चों के भविष्य

## महानदी भवन में आयोजित अंतरविभागीय बैठक में व्यापक रणनीति पर चर्चा

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों और किशोरों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु महानदी भवन,नया रायपुर में एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु), एनीमिया मुक्त भारत अभियान , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस , किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की गई और इन्हें शिक्षा विभाग के साथ एकीकृत करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान सचिव स्वास्थ्य श्री अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, संबंधित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल/ उप संचालक व शिक्षा विभाग के



उप संचालक उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने स्कूलों को स्वास्थ्य जागरूकता, किशोर स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण, तंबाकू निषेध और परामर्श जैसी सेवाओं का केंद्र बनाने की दिशा में साझा प्रयासों पर बल दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है, जहां सही मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सेवाएं उनके भविष्य को सशक्त बना सकती हैं। चिरायु दलों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाएं, आयरन-फोलिक एसिड की आपूर्ति और परामर्श सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही तंबाकू निषेध और मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर भी जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान, समयबद्ध गतिविधियों का सतत निगरानी से इन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को बढ़ाया जाएगा। यह समन्वय राज्य स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्थापित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा समावेशी मॉडल विकसित करना है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र एक-दूसरे के पूरक बनकर बच्चों और किशोरों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।

# रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान,नवा रायपुर में एयर इंडिया दुर्घटना में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (SRIMSR), नवा रायपुर में 13 जून 2025 को एयर इंडिया की उड़ान,ड्र-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक गंभीर शोक सभा आयोजित की गई, जो 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुई थी। भारतीय, ब्रिटिश, कनाडाई, पुर्तगाल नागरिकों के 230 यात्रियों, 10 चालक दल के सदस्यों, दो पायलटों और अहमदाबाद में BJMC के कई MBBS इंटर्न डॉक्टरों को याद किया गया और उनके लिए प्रार्थना की गई। यह सभा एक शोक-व्यथित माहौल में हुई, जो SRIMSR परिवार के सामूहिक दुःख को दर्शाती है। बैठक में डीन डॉ कुंदन गेडाम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विवेक अगवान, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सा संकाय, MBBS छात्र और SRIMSR परिसर समुदाय के अन्य सदस्य शामिल हुए। मोमबत्तियाँ जलाई गईं और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने तथा शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक के दौरान, हार्दिक संवेदनाएँ व्यक्त की गईं, तथा जीवन की दुखद क्षति पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

# जनजातीय समुदाय के लिए 15 जून से राज्य में विशेष अभियान

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, भारत सरकार के निर्देश पर वर्तमान वर्ष को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आगामी 15 से 30 जून 2025 तक धरती आबा, जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आयोजित होगा। जिसमें राज्य के महत्वपूर्ण विभाग भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। विशेष तौर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीनस्थ कार्यरत राज्य नोडल एजेंसी द्वारा पूरे प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में छूटे जनजातीय समाज के लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त सूची के अनुसार प्रदेश में कुल 85 आदिवासीय बाहुल्य विकास खण्ड है व प्रदेश में 6691 चिन्हांकित गांव है जहां जनजातीय समुदाय की बहुतायत है। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इन समस्त गांवों में प्रत्येक घर तक पहुंचना है। जिसका उद्देश्य भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित अलग-अलग योजनाओं से आदिवासियों को हर हाल में जोड़ना है। जिसके लिए आगामी 15 से 30 जून तक आदिवासी विकास विभाग छ.ग. धरती आबा, जानजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाने जा रहा है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से जनजातीय समूहों को जोड़ने के लिए राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। 15 जून से मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत कर्मियों के जरिए ऐसे जनजातीय सदस्य जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है, उन सभी का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। कार्ड पंजीयन के लिए दल जनजातीय समूहों के प्रत्येक घर तक पहुंचने का प्रयास करेगा।

इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए राज्य नोडल एजेंसी द्वारा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र के माध्यम से जानकारी भेजी जा चुकी है।

## 25 को आपातकाल की बर्सी

**रायपुर,** 13 जून। लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के निवास में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर महाविद्यालयीन छात्रों के लिए 25 जून संविधान हत्या दिवस प्रासंगिक क्यों? एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिएआपातकाल विस्मृत ना हो। विषय पर निबंध प्रतियोगिता प्रदेश स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता 30 जून तक आयोजित होगी। 30 जून तक सभी प्रतियोगी अपने निबंध प्रदेश कार्यालय उपासने निवास प्रोफेसर कॉलोनी, सेक्टर 3, सड़क 3 ,वामन राव लाखे वार्ड क्रमांक 66 के पते पर अग्रेषित करें । मुख्यमंत्री निवास पर 26 जून को प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी परिवारों, सद्धत्याग्रहियों को सम्मानित किया जाएगा ।बैठक में प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस, सुहास देशपांडे ,शिरोमणि घोरपडे, राम पाटणकर ,शशांक शुक्ला ,नरेंद्र शर्मा, जगतपति देव, रामावतार यादव, हेमंत देशमुख आदि उपस्थित थे।

# महापौर ने खाली भूखण्डो में कडाई से कर वसूलने के दिये निर्देश

## नगर निगम में राजस्व अमले को प्रशिक्षण देकर कर संग्रहण छुटी हुई संपत्तियों के सर्वे के गुर सिखाये गये, राजस्व अमले ने महापौर मीनल चौबे को दिया धन्यवाद

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के इतिहास में पहली बार मुख्यालय एवं जोनो के राजस्व विभाग में पदस्थ राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल निगम सामान्य सभा सभाकक्ष में दिया गया एवं सभी राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों को कर संग्रहण एवं छुटी हुई संपत्तियों के सर्वे के गुर विशेषज्ञो ने सिखलाएं। राजस्व अमले के कर्मचारियों ने प्रशिक्षण हेतु महापौर मती मीनल चौबे को धन्यवाद दिया। इससे अच्छी कर वसूली करने में राजस्व अमले के कर्मचारियों को काफी सहायता विशेषज्ञ टीप के कारण मिल सकेगी। जिससे वे दिये गये लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने सार्थक मेहनत कर सकेंगे। इस अवसर पर सभापति सूर्यकांत राठौड़, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल, आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, डॉ. आर. के. डोंगरे, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन, सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों, राजस्व निरीक्षको, सहायक राजस्व निरीक्षको की उपस्थिति



रही । महापौर मती मीनल चौबे ने राजस्व अमले के कर्मचारियों को इस वर्ष नगर निगम रायपुर क्षेत्र के सभी खाली भूखण्डो से नियमानुसार कर वसूली कडाई के साथ करने के मंच से निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि राजस्व वसूली के लिये सभी पर विश्वास करते हुए अच्छे से कार्य करने हेतु दिशा निर्देश उनके द्वारा दिये गये है। महापौर ने कहा कि उन्हें अपने राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों पर पूर्ण विश्वास है। निष्पक्ष होकर नियमानुसार वसूली करें ताकि कर वसूली पूर्ण रूप से करते हुए नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाया जा सके जिससे नगर निगम अपने खर्च स्वयं निकाल सकें। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि जो भी टैक्स लिया जाये व पूर्ण पारदर्शिता के साथ लिया जाये। आमजनों को भी नियमो की जानकारी हो एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित शुल्क को लेकर आमजनो के मध्य कोई भ्रांतियां ना रहे। जो शुल्क निर्धारित है उसको लेकर आमजनो के मध्य विश्वास पैदा करने कार्य करें। आमजनता को दी जा रही सुविधा के लिये, लिये जा रहे शुल्क निर्धारित अनुसार सबकी सहमति से लिया जाये। शहर का विकास राजधानी शहर के अनुरूप करने विकास को आधार मानकर कर प्रणाली में सुधार किया जाये। सभापति ने कहा कि विकसित क्षेत्र व अन्य क्षेत्र के अंतर को स्पष्ट करते हुए इसका प्रस्ताव बनाकर नगर निगम रायपुर को आगे बढ़ाने की कार्यवाही करने की आवश्यकता है।प्रशिक्षण में पहुंचकर राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रशिक्षण की जानकारी ली एवं उनका उत्साहवर्धन किया।



# महज 500 लेकर पहुंचीं मुंबई, किराया निकालना भी था मुश्किल : दिशा पाटनी

दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। 'एम.एस. धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं 'मलंग', 'भारत' और 'राधे' जैसी फिल्मों से उन्होंने पॉपुलैरिटी हासिल की। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में डीएसपी रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है।

## दिशा पाटनी ने खुद को बताया था टॉम बॉय

दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकॉन मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टॉम बॉय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबॉल शॉर्ट्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं। शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे ऑडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार ये प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने ये भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है। साल 2011 में दिशा ने मिस लखनऊ कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। साल 2013 में उन्होंने 'फेमिना मिस इंडिया इंदौर' में हिस्सा लिया और फर्स्ट रनर-अप रहीं। इसके बाद उन्होंने कई ऐड किए। 2015 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'लोफर' से एक्टिंग डेब्यू किया।



## कोविड नियम तोड़ने पर दर्ज हुई एफआईआर

जून 2021 में मुंबई पुलिस ने दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ के खिलाफ कोविड नियमों का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज की थी। मामला तब सामने आया था जब दिशा और टाइगर लॉकडाउन के दौरान जिम सेशन के बाद कार ड्राइव पर निकले थे। पुलिस ने जब उनसे बाहर निकलने का कारण पूछा, तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। उस समय लॉकडाउन के नियम सख्त थे। 2019 में दिशा पाटनी सलमान खान की फिल्म 'भारत' के गाने 'स्लो मोशन' में दिखीं, जो जबरदस्त हिट रहा। इसके बाद सलमान ने दिशा को 2021 की फिल्म राधे में बतौर एक्ट्रेस लिया। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान आमतौर पर फिल्मों में किसिंग सीन से बचते हैं, लेकिन उनकी फिल्म 'राधे' में एक ऐसा सीन था जिसे लोगों ने किस सीन कहा। इस फिल्म में सलमान दिशा को किस करते हैं, लेकिन ये किस बिल्कुल भी पारंपरिक नहीं था। सलमान ने बताया था कि किसिंग सीन में दिशा के होठों पर टेप लगाया गया था। उन्होंने मजाक में कहा, किस टेप पर था... टेप पर! दरअसल, फिल्म में दिशा ने मुंह पर टेप लगाया था।

## पार्थ समथान के साथ रिलेशनशिप में थीं दिशा

टाइगर श्रॉफ और दिशा की जोड़ी हमेशा सुर्खियों में रही। हालांकि टाइगर से पहले दिशा ने टीवी एक्टर पार्थ समथान को डेट किया था। स्पॉटबॉय की रिपोर्ट के अनुसार, दिशा पाटनी और पार्थ समथान का रिश्ता लगभग तीन साल चला। शुरुआत में सबकुछ ठीक था। पार्थ उस समय टीवी इंडस्ट्री में नाम कमा चुके थे, जबकि दिशा स्ट्रगल कर रही थीं। पार्थ ने न सिर्फ दिशा का साथ दिया, बल्कि आर्थिक मदद भी की, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, रिश्ते में परेशानियां आने लगीं। पार्थ बहुत ज्यादा पजेसिव हो गए थे। वह दिशा का फोन चेक करते थे। बाद में जब दिशा को पार्थ की बेवफाई का पता चला, तो उन्होंने भी पार्थ का फोन चेक करना शुरू किया। एक बार दिशा ने उन्हें माफ कर दिया, लेकिन दूसरी बार उन्होंने रिश्ता तोड़ने का फैसला कर लिया। दिशा और पार्थ के ब्रेकअप की वजह टीवी प्रोड्यूसर विकास गुप्ता को बताया जाता है। दरअसल, 2016 में पार्थ ने विकास पर मॉलेस्टेशन के आरोप लगाए थे, जबकि दोनों गे रिलेशनशिप में थे। रिपोर्ट की मानें तो पार्थ बायसेक्शुअल हैं और उनका दिशा के साथ-साथ उस दौरान विकास से भी अफेयर चल रहा था। ऐसे में जब ये बात दिशा को पता चली कि पार्थ उन्हें चीट कर रहे हैं तो उन्होंने इस रिलेशनशिप को खत्म करने का डिसीजन ले लिया। विकास गुप्ता ने खुद को बायसेक्शुअल बताया था और ये भी बताया था कि वो पार्थ समथान और प्रियांक शर्मा दोनों के साथ रिश्ते में थे। वहीं, 2016 में एकता कपूर ने डीएनए को बताया था कि पार्थ और विकास एक-दूसरे के काफी करीब थे और रिलेशनशिप में थे। पार्थ ने विकास पर 7 दिसंबर, 2013 को अनुचित तरीके से छूने का आरोप लगाया, लेकिन 20 दिन बाद ही वो दोनों बैंकॉक में छुट्टियां मना रहे थे। एकता ने कहा था, मैं भी वहीं न्यू ईयर मनाने गई थी और मैंने पार्थ के कई वीडियो देखे हैं, जिसमें वो विकास से प्यार जताते हैं। हालांकि, पार्थ समथान ने कभी सार्वजनिक रूप से अपनी सेक्शुअल पहचान के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्होंने विकास गुप्ता के साथ रिश्ते की बात को भी साफ तौर पर नकार दिया है।

## फिल्म 'कंगुवा' के गाने को लेकर विवाद

फिल्म 'कंगुवा' के गाने 'YOLO' - यू ओनली लिव वन्स' को लेकर विवाद हुआ था। सेंसर बोर्ड को दिशा पाटनी के डीप क्लीवेज लुक पर आपत्ति थी। CBFC ने तीन सेकेंड के सीन को हटाने या मॉडिफाई करने की सलाह दी थी।

## एक म्यूजिक वीडियो के जरिए हुई थी टाइगर श्रॉफ से पहली मुलाकात

पार्थ से ब्रेकअप के बाद दिशा ने टाइगर को डेट किया। दोनों की दोस्ती 2016 में 'बेफिकरा' म्यूजिक वीडियो से शुरू हुई। आगे 'बागी 2' और 'बागी 3' (केमियो) में साथ काम कर दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री मजबूत हुई। वे अक्सर पार्टीज और छुट्टियों में साथ दिखे, जिससे अफवाहें तेज हो गईं। हालांकि, दोनों ने रिलेशनशिप को कभी ऑफिशियल नहीं किया। दिशा शादी चाहती थीं, लेकिन टाइगर तैयार नहीं थे। इसके बावजूद दिशा टाइगर के परिवार से जुड़ी रहीं। नवंबर 2023 में टाइगर ने कहा था कि फिलहाल वो सिंगल हैं और काम पर ध्यान दे रहे हैं।

## सर्बियन मॉडल ने बनवाया दिशा का टैटू

टाइगर के बाद दिशा का नाम सर्बियन मॉडल अलेक्जेंडर इलिक से जुड़ा। दोनों को कई बार साथ देखा गया, लेकिन दिशा ने इस रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा। सबसे खास बात ये है कि अलेक्जेंडर के हाथ पर दिशा पाटनी का टैटू भी बना है। यह टैटू दिशा के चेहरे की स्पष्ट छवि को दर्शाता है। 2022 में दिशा 'एक विलेन रिटर्न्स' में नजर आईं, लेकिन फिल्म फ्लॉप हो गई। 2024 में फिल्म 'योद्धा' में दिशा ने एक आतंकवादी का रोल निभाया। उनके एक्शन सीन्स की तारीफ हुई, पर फिल्म नहीं चली। 2024 में दिशा की तेलुगु फिल्म 'काल्कि 2898 ए.डी.' आई, जिसमें वो प्रभास के साथ थीं। ये फिल्म 1200 करोड़ से ज्यादा कमा कर साल की सबसे बड़ी हिट बनी और 'मलंग' के बाद दिशा की पहली बड़ी हिट। इसके बाद उन्होंने तमिल फिल्म 'कंगुवा' में सूर्या के साथ काम किया।

## हॉलीवुड फिल्म 'होलिगार्ड्स' में दिखेंगी दिशा

2025 में दिशा ने हॉलीवुड फिल्म 'होलिगार्ड्स' साइन की है, जिसे डायरेक्ट कर रहे हैं केविन स्पेसी। इसमें दिशा एक इंडियन एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। साथ ही वो बॉलीवुड फिल्म वेलकम टु जंगल में नजर आएंगी।

## दिवाली पर स्पोर्ट्स ब्रा पहनने पर हुई ट्रोलिंग

दिशा अक्सर अपने बोल्ड आउटफिट्स और बिकिनी लुक्स की वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोल होती हैं। 2018 में दिवाली के मौके पर एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर अपना ट्रेडिशनल लुक शेयर किया था। उन्होंने लहंगे और दुपट्टे के साथ कैल्विन क्लेन की स्पोर्ट्स ब्रा पहनी थी। बता दें कि तस्वीर के वायरल होते ही ट्रोल्स ने उन्हें निशाने पर ले लिया था। लोगों ने कहा था कि यह भारतीय परंपरा का अपमान है। कुछ ने इसे शर्मनाक बताया था। दिशा पाटनी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रोलिंग उनके लिए मायने नहीं रखती। बदसूरत कहने पर दिशा ने चैनल को फटकार लगाई थी बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी की स्कूल ड्रेस में एक पुरानी फोटो वायरल हुई थी। 2018 में एक न्यूज चैनल ने फोटो शेयर कर उन्हें बदसूरत कह दिया था। इस पर दिशा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चैनल को फटकार लगाई थी। दिशा पाटनी ने ट्वीट कर तंज कसा था कि क्या उन्हें 7वीं क्लास में गाउन पहनना चाहिए था। उन्होंने कहा था, माफ कीजिए कि मैं एक बदसूरत बच्ची थी। दिशा ने सवाल उठाया था कि क्या ये ब्रेकिंग न्यूज थी उन्होंने कहा था, मीडिया को और भी जरूरी खबरें दिखानी चाहिए।

## फिल्म 'केटीना' से दिशा पाटनी को किया गया था बाहर

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में दिशा पाटनी को एकता कपूर की फिल्म 'केटीना' से बाहर कर दिया गया था। यह फिल्म एक छोटे शहर की लड़की और ज्योतिष में उसके विश्वास पर आधारित है, जो एकता कपूर की निजी जिंदगी से प्रेरित मानी जा रही थी। शुरुआत में दिशा इस फिल्म की लीड थीं, लेकिन दिशा को अनप्रोफेशनल बिहेवियर के चलते फिल्म से हटा दिया गया। लॉकडाउन के बाद दिशा और प्रोडक्शन टीम के बीच कई क्रिएटिव डिफरेंस सामने आए। शूटिंग के दौरान भी असहमति बढ़ती गई, जिससे एकता कपूर को यह कदम उठाना पड़ा। हालांकि मीडिया में 2022 के बाद इस प्रोजेक्ट से जुड़ी नई अपडेट या आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# नॉयनतारा को मिला बाबा भूतनाथ का वरदान

## श्रुति बिष्ट बोलीं- श्रीदेवी से मिलकर बताऊंगी कि आप बहुत अच्छी लगती हैं




'हिटलर दीदी', 'फिर सुबह होगी', 'साथ निभाना साथिया', 'बालवीर', 'स्वराज' सहित कई धारावाहिकों में अभिनय कर घर-घर लोकप्रिय हुईं श्रुति बिष्ट इन दिनों 'नॉयनतारा' में टाइटल रोल प्ले कर रही हैं। 'बालवीर' के बाद 'नॉयनतारा' में श्रुति को क्रोमा पर शूट करने का मौका मिल रहा है, जिसे लेकर खुश और उत्साहित हैं। श्रुति ने टाइटल रोल की खुशी, क्रोमा पर काम करने का अनुभव सहित बात करते हुए बताया कि वे श्रीदेवी को बहुत मिस करती हैं।

**'नॉयनतारा' की क्या बात खास लगी, जो इसे एक्सेप्ट किया?**

इसमें क्रोमा शूटिंग है, इसलिए ग्रीन पर्दे पर काम करने का मौका मिल रहा था। आई थिंक, क्रोमा शूटिंग थोड़ा डिफरेंट होता है, क्योंकि उसके लिए इमेजिन करना होता है। यह इमेजिन वाला कांसेप्ट बड़ा अच्छा लगता है। सबसे पहले इस शो की स्टोरी लाइन मेरे पास आई। मुझसे पूछा गया था कि क्या यह शो करने के लिए इंटरेस्टेड हैं। मैंने बोला कि बताती हूं। स्टोरी लाइन पढ़कर लगा कि यह तो बड़ा अच्छा सीन और डिफरेंट कॉन्सेप्ट है। इसे करना ही चाहिए, सो स्टोरी लाइन पढ़कर 'हां' बोल दिया।

**टाइटल रोल निभा रही हैं। उसके बारे में बताइए?**

नॉयनतारा ऐसी लड़की है, जिसे बाबा भूतनाथ का वरदान मिला है। यह उन्हें देख-सुन सकती है, जिन्हें कोई नहीं देख-सुन सकता। उन सबकी तकलीफें कौन दूर करेगा, जिन्हें कोई नहीं देख पाता। इस काम को बखूबी करने के लिए बाबा भूतनाथ ने नॉयनतारा को भेजा है।

**अच्छा, ऐसी सेलिब्रिटी से बात करने का मौका मिले, जो दुनिया में नहीं हैं, तब किन से और क्या बात करेंगी?**

श्रीदेवी जी से मिलना चाहूंगी। उनसे मिलकर बताऊंगी कि आप बहुत अच्छी लगती हैं। मेरी मम्मी भी आपको बहुत प्यार करती हैं। हम सब आपको बहुत मिस करते हैं।

**आपका थोड़ा इमोशनल किरदार है, जो थका देने वाला होता है। कभी इमोशनल पल या थका देने वाली बात लगी?**

हमारे सीन बड़े इमोशनल लिखे गए हैं। यह सिर्फ जो शूट कर रहे हैं, उन्हें ही नहीं, बल्कि जो मॉनिटर पर क्रिएटिव लोग बैठते हैं, साउंड रिकॉर्डिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट आदि जो देखते हैं, वे भी इमोशनल हो जाते हैं। कल ही शूट कर रही थी, तब कई टीम मेंबर की आंखों में आंसू आ गए थे। ऐसा हम सबके साथ अक्सर होता है, क्योंकि सीन में एकदम से घुस जाते हैं। एक सीन शो क टेलर में भी है, जहां मैं गिरती हूं, मेरे हाथ बंधे होते हैं और मुंह में लड्डू डाल रखा था। वह सीन थका देने वाला और थोड़ा डिफिकल्ट था। लेकिन उसकी शूटिंग बड़ी फास्ट हुई थी। इसे करते वक्त सभी मेरी हेल्प कर रहे थे। फिर भी थका देने वाला था।

**क्या कभी सेट पर ऐसा हुआ कि कोई आसपास नहीं है, फिर उसके होने का अहसास हुआ हो?**

नहीं, ऐसा कभी अहसास नहीं हुआ है और न ही कभी ऐसा अहसास होना चाहिए, क्योंकि हमारी शूटिंग फिल्मसिटी में हो रही है। फिल्मसिटी के बारे में कहा जाता है कि यहां ऐसी चीजें होती हैं। ठीक है, जब तक मैंने देखा नहीं, तब तक उसके बारे में क्या ही कहूं। मुझे रियल लाइफ में भी ऐसा अहसास कभी नहीं हुआ।

**टाइटल रोल निभाने की खुशी, चुनौती, जिम्मेदारी, प्रेशर, नर्वसनेस आदि के बारे में बताइए?**

इन सारे इमोशन का एक मिक्सर है। लेकिन सेट पर पांव रखती हूं, सीन रिहर्सल या शूट स्टार्ट करती हूं, तब वह नर्वसनेस हट जाती है। नॉयनतारा की टीम इतनी अच्छी है कि वह प्रेशर फील नहीं होने देती। परफॉर्म करते वक्त मुझे अच्छा ही दिखना है, सो कुछ गड़बड़ कर दूंगी, यह टेंशन लेकर काम नहीं करना चाहिए। मैं बहुत रिलैक्स होकर काम करती हूं।

**पहली बार क्रोमा पर शूट करने का अनुभव साझा कीजिए?**

पहली बार मैंने क्रोमा पर 'बालवीर' शो शूट किया था। उस समय मैं सातवीं में थी। इस बात को 10-11 साल हो गए हैं। उस समय तो अलग ही इमेजिनेशन वाली बात थी। अब तो वह बढ़ चुकी है, क्योंकि बड़ी हो चुकी हूं। इतने सालों बाद अब क्रोमा पर शूट करने का और भी मजा आ रहा है।

# करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का निधन

## एक्ट्रेस के घर पहुंचे करीना-सैफ और मलाइका

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर किया था आखिरी पोस्ट



बिजनेसमैन और सोना कॉमस्टार कंपनी के चेयरमैन संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन हो गया। वह 53 साल के थे। खबरों के मुताबिक, वह पोलो मैच खेल रहे थे, तभी उनकी सांस लेने में तकलीफ हुई। उन्होंने तुरंत मैदान छोड़ा, लेकिन थोड़ी ही देर में उन्हें हार्ट अटैक आया और वहीं उनकी जान चली गई। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मैच के दौरान संजय कपूर के मुंह में एक मधुमक्खी चली गई थी, जिसके कारण गले में सूजन और फिर दिल का दौरा पड़ा।

### करिश्मा कपूर के पूर्व पति थे संजय कपूर

बता दें कि संजय कपूर, एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति थे। दोनों की शादी 2003 में हुई थी। उनकी एक बेटी समायरा और बेटा कियान है। साल 2014 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दी और 2016 में तलाक फाइनल हुआ। इसके बाद 2017 में संजय ने मॉडल प्रिया सचदेव से शादी की। प्रिया और संजय का एक बेटा अजारियस है और संजय, प्रिया की पहली शादी से हुई बेटी सफीरा को भी साथ रखते थे। संजय की मौत की खबर के बाद बॉलीवुड से कई सितारे करिश्मा से मिलने उनके घर पहुंचे। करीना कपूर और उनके पति सैफ अली खान भी करिश्मा के घर नजर आए। इसके अलावा मलाइका अरोड़ा और अमृता अरोड़ा भी देर रात करिश्मा के घर पहुंचीं। संजय कपूर, दून स्कूल के छात्र रहे हैं और पोलो खेल के बड़े प्रेमी थे। वह अपनी पोलो टीम 'ऑरियस' के संरक्षक थे और घटना के समय वो 'सुझान' टीम के खिलाफ मैच खेल रहे थे। 'सुझान' टीम होटल व्यवसायी जैसल सिंह की है।

**संजय कपूर ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर किया था अंतिम पोस्ट :** बता दें कि अपने निधन से कुछ ही घंटे पहले संजय कपूर ने सोशल मीडिया पर अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर दुख जताया था। संजय कपूर की मौत से कुछ घंटे पहले एक्स ट्विटर पर उनका आखिरी पोस्ट था, अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की खबर दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

# गंभीर के सामने 'विराट' मुश्किल!

## नंबर-4 पर कोहली के रिप्लेसमेंट समेत सुलझानी होंगी ये 5 पहेली

नई दिल्ली।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने में अब सिर्फ एक सप्ताह का समय शेष है। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल को मिलकर विराट कोहली के रिप्लेसमेंट के साथ वे पांच पहेली सुलझानी होंगी, जिस पर पूर्व भारतीय दिग्गज लगातार चर्चा कर रहे हैं।





### रोहित शर्मा की जगह ओपनर कौन होगा

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले रोहित शर्मा के टेस्ट से अचानक संन्यास लेने के फैसले ने सभी को चौंका दिया। भारत अब शीर्ष क्रम में उनके विकल्प की तलाश में है। केएल राहुल ओपनर की भूमिका के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में केएल राहुल ने बतौर ओपनर 116 और 51 रन की पारियां खेलकर इस पद के लिए अपना दावा मजबूत किया है। वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन के रूप में भी अन्य विकल्प मौजूद हैं। गंभीर और गिल इंट्रा स्क्वॉड मैच के बाद इनमें से किसी नाम पर मुहर लगा सकते हैं।

### विराट कोहली की जगह नंबर 4 पर कौन उतरेगा

रोहित की तरह विराट कोहली ने भी टेस्ट से संन्यास लेने का अचानक फैसला किया। इससे नंबर 4 खाली हो गया है। पहले गिल नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते थे और कोहली दूसरे नंबर पर आते थे। अब भारत को नए नंबर 4 की तलाश है। अगर सुदर्शन नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हैं तो कप्तान गिल नंबर 4 पर खेल सकते हैं। इससे पंजाब के बल्लेबाज को नई गेंद का सामना करने के जोखिम से दूर रहने में मदद मिलेगी। इससे उन्हें मध्यक्रम में बने रहने में भी मदद मिल सकती है, जो टीम के लिए अच्छा होगा। एक अन्य विकल्प करुण नायर हो सकते हैं। गिल और नायर के बीच, यह कहना सुरक्षित है कि भारत के नए नंबर 4 बनने के लिए गिल सबसे आगे हैं।

### क्या साई सुदर्शन नंबर 3 पर बल्लेबाजी करेंगे

साई सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में वापसी की है। उन्हें काउंटी चैंपियनशिप में खेलने का भी अनुभव है, जो इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भारत के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है। हालांकि, यह देखना होगा कि उन्हें नंबर 3 पर उतारा जाएगा या नहीं। या फिर उन्हें प्लेइंग इलेवन में चुना जाएगा या नहीं। भारत का इंट्रा स्क्वॉड मैच गंभीर को यह तय करने में मदद कर सकता है कि सुदर्शन नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने के हकदार हैं या नहीं।

### करुण नायर कौन से नंबर पर उतरेंगे

बता दें कि करुण नायर ने भारत ए के लिए पहले अनौपचारिक टेस्ट में नंबर 3 पर और दूसरे में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की थी। उन्होंने तीन पारियों में 204, 40 और 15 रन बनाए। आईपीएल 2025 में भी उनकी बल्लेबाजी 3 और 4 नंबर पर बदलती रही। ऐसे में गौतम गंभीर भारत के इंट्रा स्क्वॉड मैच में उन्हें परखना चाहेंगे कि वह कौन से नंबर पर फिट हो सकते हैं

### क्या जुरेल और पंत एक साथ खेल सकते हैं

केंट में बुधवार को भारत के नेट सत्र में ध्रुव जुरेल और ऋषभ पंत एक साथ नेट पर खेलते हुए देखे गए। इससे दोनों विकेटकीपर बल्लेबाजों के भारत की प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना बढ़ गई है, जिसका मतलब यह होगा कि भारत प्लेइंग इलेवन में सिर्फ़ एक विकेटकीपर रखने की अपनी पारंपरिक रणनीति से आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ महीनों में जुरेल ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी शुरुआत आईपीएल 2025 से हुई, जहां उन्होंने 13 पारियों में 333 रन बनाए। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ़ दो अनौपचारिक टेस्ट में उन्होंने 94, 53*, 52 और 28 रन बनाए। इसलिए उन्हें उप-कप्तान पंत के साथ प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है।

# इंग्लैंड सीरीज से पहले भारतीय खिलाड़ी सुचि उपाध्याय को लगी चोट

## बीसीसीआई ने तुरंत किया रिप्लेसमेंट का ऐलान

नई दिल्ली।

इस वक्त भारतीय क्रिकेट फैंस की नजरें इंग्लैंड दौरे पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज पर टिकी हुई हैं। 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। सीरीज के लिए टीम इंडिया ने इंग्लैंड पहुंचकर अभ्यास करना शुरू कर दिया है। इसी बीच सामने आए अपडेट में बताया गया कि भारतीय खिलाड़ी को चोट लग गई और बीसीसीआई ने रिप्लेसमेंट का भी एलान कर दिया।



### इंग्लैंड सीरीज से पहले भारतीय खिलाड़ी को लगी चोट

बता दें कि भारत की सीनियर पुरुष टीम के अलावा महिला और अंडर-19 टीम को भी इंग्लैंड का दौरा करना है। महिला टीम को इंग्लैंड दौरे पर टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है। लेकिन व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत से पहले महिला टीम की खिलाड़ी को चटो लग गई है, जो टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका है।

### सुचि उपाध्याय को लगी चोट, राधा यादव की टीम में हुई एंट्री

इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अभ्यास के दौरान सुचि उपाध्याय को बाएं पैर में चोट लगी। इस चोट ने सुचि को इंग्लैंड दौरे से बाहर कर दिया। बीसीसीआई ने इस इंजरी के बाद अपडेट जारी करते हुए बताया कि सुचि की जगह टीम में राधा यादव को शामिल कर लिया गया है।

**28 जून से होगी व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत :** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 28 जून को खेला जाएगा। वहीं टी20 सीरीज का अंतिम मैच 12 जुलाई को होगा। इसके बाद वनडे सीरीज की शुरुआत होगी, जिसका पहला मैच 16 जुलाई को और आखिरी 22 जुलाई को खेला जाएगा।

**इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का अपडेटेड टी20 स्क्वॉड :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव।

**इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का अपडेटेड वनडे स्क्वॉड :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव।

# यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की लगातार तीसरी जीत

एंटवर्प।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे पर शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह मुकाबला एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्कसे प्लेन में खेला गया। भारत के लिए सोनम (4'), ललथनतलुआंगी (32') और कनिका सिवाच (51') ने गोल किए, जबकि बेल्जियम की ओर से मैरी गोएन्स (37') और मार्टे मैरी (40') ने गोल किए। मैच की शुरुआत से ही भारत ने आक्रामक तेवर दिखाए। चौथे मिनट में सोनम ने शानदार फील्ड गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे ललथनतलुआंगी ने 32वें मिनट में गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद बेल्जियम ने जोरदार वापसी की। 37वें मिनट में मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए पहला गोल किया और फिर 40वें मिनट में मार्टे मैरी ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में जब खेल खत्म होने में केवल 9 मिनट बाकी थे, तब कनिका सिवाच ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई और टीम की जीत सुनिश्चित की। बेल्जियम पर लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद अब भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे में अगला मुकाबला 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

# नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच पहली बाइलेटरल टी-20 सीरीज सितंबर में

नई दिल्ली।

नेपाल और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीमों के बीच सितंबर में शारजाह में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यह दोनों देशों के बीच पहली बाइलेटरल सीरीज होगी। हालांकि, मैच न्यूट्रल ग्राउंड पर खेले जाएंगे, नेपाल इस सीरीज की मेजबान टीम होगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इस सीरीज को क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। ये मैच 27, 28 और 30 सितंबर को खेले जाएंगे। इस सीरीज के बाद नेपाल को इसी साल पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालीफायर में भाग लेना है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहरिंग ने कहा कि यह सीरीज सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मैचों का एक सेट नहीं है। यह क्रिकेट के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का जश्न है। वर्तमान में वेस्टइंडीज की टी-20 टीम आयरलैंड में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है, जिसका पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। वहीं नेपाल की टीम स्कॉटलैंड में नीदरलैंड्स के साथ टी20 त्रिकोणीय सीरीज खेल रही है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता वेस्टइंडीज वर्तमान में टी-20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं, जबकि नेपाल 18वें स्थान पर है।

# न्यूजीलैंड के फिन एलन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली।

वर्ल्ड क्रिकेट में पिछले कुछ वक्त से टी20 फॉर्मेट का अलग ही रूतबा कायम हो चुका है। जहां खासकर बल्लेबाजों का बोलबाला रहा है। इस फॉर्मेट में बल्लेबाज आए दिन एक से एक नायाब रिकॉर्ड्स अपने नाम करते जा रहे हैं। आईपीएल में हाल ही में कई बड़े कीर्तिमान स्थापित हुए। इस मेगा टी20 लीग के खत्म होने के कुछ ही दिन बाद टी20 फॉर्मेट का एक बड़ा रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलन ने बनाया है।

**फिन एलन बने टी20 में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज :** कीवी बल्लेबाज फिन एलन ने टी20 का एक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। शुक्रवार को अमेरिका में शुरू हुए मेजर लीग क्रिकेट 2025 के पहले ही मैच में फिन एलन (फिन एलन) ने कमाल कर दिखाया। उन्होंने सेन फ्रांसिस्को की टीम से खेलते हुए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 51 गेंद में 151 रन की पारी खेली। जहां उन्होंने इस पारी के दौरान 19 छक्केलगाए। इसके साथ ही उन्होंने क्रिस गेल के रिकॉर्ड को पीछे कर दिया।




**क्रिस गेल और पुनित बिष्ट- 17 छक्के :** क्रिस गेल टी20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। वो इस फॉर्मेट में एक से एक रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। जिसमें उन्होंने आईपीएल 2013 में आरसीबी के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 175 रन की पारी खेली थी। इस पारी के दौरान उन्होंने 17 छक्के लगाए थे। उनके साथ ही भारत में होने वाली टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के बल्लेबाज पुनित बिष्ट ने 17 छक्केलगाने का कमाल किया था। 2021 में मिजोरम के खिलाफ पुनित बिष्ट ने 51 गेंद में 146 रन बनाए थे।

**क्रिस गेल और साहिल चौहान- 18 छक्के :** टी20 क्रिकेट के यूनिवर्स बॉस कहे जाने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने खास कीर्तिमान किया है। उन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स की तरफ से खेलते हुए ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ 69 गेंद में 146 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 18 छक्केलगाए थे। हालांकि उनका ये रिकॉर्ड अब फिल एलन (फिन एलन) ने तोड़ दिया है। इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल में एस्टोनिया के साहिल चौहान ने साइप्रस के खिलाफ 2024 में 41 गेंद में 144 रन की पारी खेली थी। इस पारी के दौरान उन्होंने 18 छक्केलगाए थे।

**फिन एलन- 19 छक्के :** टी20 क्रिकेट के इतिहास में कीवी बल्लेबाज फिन एलन (फिन एलन) ने एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। मेजर लीग क्रिकेट 2025 में सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के लिए खेलते हुए फिन एलन ने वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 51 गेंद में 151 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 5 चौके लगाए लेकिन वहीं 19 छक्के लगा डाले और रिकॉर्ड बना दिया। वो इसके साथ ही एक टी20 पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में गेंदबाजों का दबदबा

## टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतरीन विज्ञापन : पैट कमिंस

लंदन।




ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल भले ही तीन दिन में समाप्त होने की कगार पर हो, लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन विज्ञापन साबित हो रहा है। पहले दो दिनों में लॉर्ड्स की पिच पर कुल 28 विकेट गिर चुके हैं, जिससे मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। दूसरे दिन कमिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 6 विकेट झटके और टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर दिन का खेल समाप्त किया और अब उसे 218 रनों की बढ़त मिल चुकी है। इस दौरान एलेक्स कैरी (43) और मिचेल स्टार्क (16* रन) के बीच आठवें विकेट के लिए 61 रनों की अहम साझेदारी हुई। कमिंस ने दिन के खेल के बाद कहा, मैच अभी बराबरी पर है। ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक है। आखिरी सेशन में हमारी साझेदारी शानदार रही और यह दिन समाप्त करने का बेहतरीन तरीका था। जब उनसे पूछा गया कि क्या गेंदबाजों का दबदबा इस खिताबी मुकाबले की महत्ता को कम करता है, तो उन्होंने जवाब दिया, दो दिन में मुकाबला लगभग 50-50 पर खड़ा है। कुछ बल्लेबाज क्रीज पर जमते दिखे, लेकिन अधिकतर के लिए रन बनाना मुश्किल रहा। कमिंस ने माना कि मैच की तेजी से बढ़ती गति का कारण पिच की चुनौती और दोनों टीमों की अनुशासित गेंदबाजी है। दोनों टीमों ने बेहतरीन लाइन और लेंथ से गेंदबाजी की है। बल्लेबाजों को हाफ वॉली खेलने को भी नहीं मिलीं। अपने 68वें टेस्ट में कमिंस ने यह भी कहा कि 300 विकेट लेना एक खास उपलब्धि है।

# थॉमस फ्रैंक बने टोटेनहम के नए हेड कोच, तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर हुई नियुक्ति

लंदन।

टोटेनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब ने डेनमार्क के कोच थॉमस फ्रैंक को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। फ्रैंक ने तीन साल का अनुबंध साइन किया है, जो 2028 तक चलेगा। 51 वर्षीय थॉमस फ्रैंक ने करीब एक दशक तक ब्रेंटफोर्ड क्लब के साथ काम किया और अब वे टोटेनहम में एंजे पोस्टेकोग्लू की जगह लेंगे। पोस्टेकोग्लू को पिछले सप्ताह बर्खास्त कर दिया गया था, हालांकि उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीतकर टोटेनहम को 17 साल में पहली ट्रॉफी दिलाई थी। टोटेनहम ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, थॉमस फ्रैंक फुटबॉल की दुनिया के सबसे प्रगतिशील और नवाचारपूर्ण कोचों में से एक हैं। उनके पास खिलाड़ियों और टीम को विकसित करने का शानदार रिकॉर्ड है और हम उन्हें नए सीजन की तैयारी के लिए टीम की कमान सौंपने को लेकर उत्साहित हैं। फ्रैंक ने दिसंबर 2016 में ब्रेंटफोर्ड से जुड़ाव शुरू किया था और 2018 से वे टीम के मैनेजर बने। उन्होंने खुद को एक टैक्टिकली समझदार और लचीले कोच के रूप में स्थापित किया, जो सामान्य या पिछली टीमों में असफल रहे खिलाड़ियों को भी निखारने में माहिर रहे हैं। टोटेनहम में उन्हें अब एक उच्च गुणवत्ता वाली टीम मिलेगी, हालांकि पिछला प्रीमियर लीग सीजन ब्रेंटफोर्ड ने टोटेनहम से ऊपर खत्म किया था। साथ ही, वे पहली बार यूईएफए चैंपियंस लीग में कोचिंग करते नजर आएंगे। इस लिहाज से टोटेनहम का यह फैसला थोड़ा जोखिमभरा भी माना जा रहा है, क्योंकि फ्रैंक ने अपने मैनेजेरियल करियर में अब तक कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। हालांकि, 2019 के बाद से एंटोनियो कॉन्टे और जोसे मोरिन्हो जैसे विश्वस्तरीय मैनेजर भी टोटेनहम में सफलता नहीं दिला सके हैं, ऐसे में क्लब ने इस बार ऐसे कोच को मौका दिया है जिसके पास प्रीमियर लीग का अच्छा खासा अनुभव है। ब्रेंटफोर्ड ने 2021 से प्रीमियर लीग में अपनी जगह बनाई है और लगातार अपने प्रदर्शन से उम्मीदों से बेहतर नतीजे दिए हैं। टोटेनहम ने यह भी पुष्टि की है कि फ्रैंक अपने साथ ब्रेंटफोर्ड से कुछ कोचिंग स्टाफ भी लाएंगे।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के मोमेंट्स

# मार्नस लाबुशेन का डाइविंग कैच, कमिंस के 300 विकेट पूरे, साउथ अफ्रीका ने 13 रन बनाने में 5 विकेट गंवाए

लंदन।

लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) का फाइनल खेला जा रहा है। मुकाबले के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 144 रन बना लिए। टीम ने 218 रन की बढ़त बना ली है। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने 300 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। उनकी गेंदबाजी के दम पर टीम ने साउथ अफ्रीका के आखिरी 5 विकेट महज 13 रन के अंदर गिरा दिए। मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा।

### लाबुशेन का डाइविंग कैच

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को पहला विकेट मार्नस लाबुशेन के बेहतरीन डाइविंग कैच की बदौलत मिला। 40वें ओवर की दूसरी बॉल पैट कमिंस ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। टेम्बा बावुमा ने कवर ड्राइव खेला, वहां शॉर्ट कवर्स पर मौजूद लाबुशेन ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। बावुमा 36 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी डेविड बेडिंघम के साथ 64 रन की पार्टनरशिप भी टूटी।




### डीआरएस के कारण ऑस्ट्रेलिया को मिला विकेट

ऑस्ट्रेलिया को साउथ अफ्रीका का छठा विकेट डीआरएस लेने के कारण मिला। ओवर की तीसरी बॉल पैट कमिंस ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। गेंद सीधे विकेटकीपर काइल वेरियन के पैड्स पर लगी। कमिंस ने एलबीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने मना कर दिया। कप्तान कमिंस ने रिव्यू लिया, रिप्ले में पता चला कि गेंद स्टंप्स को लग रही है। फील्ड अंपायर ने अपना फैसला बदला और वेरियन को 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

### कमिंस का बेहतरीन कॉट एंड बोल्ड

52वें ओवर में पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए। उन्होंने काइल वेरियन को बोल्ड करने के बाद आखिरी गेंद पर मार्को यानसन का अपनी ही गेंद पर बेहतरीन कैच पकड़ लिया। कमिंस ने गुड लेंथ पर इनस्विंगर फेंकी, यानसन डिफेंड करने गए, लेकिन गेंद कमिंस की ओर ही चली गई। कमिंस ने संभलते हुए बेहतरीन कैच पकड़ा और यानसन को खाता खोले बगैर पवेलियन लौटना पड़ा।





### कमिंस के 300 टेस्ट विकेट पूरे

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टेस्ट करियर में अपने 300 विकेट भी पूरे कर लिए। कमिंस के नाम अब 68 टेस्ट की 126 पारियों में 300 विकेट हो गए। उनके नाम 14 बार पारी में 5-विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। वे अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 2023 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप भी जिता चुके हैं।

### आखिरी 5 विकेट 13 रन बनाने में गंवाए

साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में आखिरी 5 विकेट महज 13 रन बनाने में गंवा दिए। 125 रन के स्कोर तक टीम के 5 ही विकेट गिरे थे। 126 रन के स्कोर पर वेरियन आउट हुए, टीम 138 रन तक पहुंचने में ऑलआउट हो गई। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने आखिरी 5 विकेट महज 22 रन बनाने में गंवा दिए थे।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ सुनील गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा , ''वेदांता एल्यूमिनियम में हमने जानबूझकर अपनी सभी भूमिकाओं को लिंग-भेद रहित बनाया है, जिससे धातु, खनन और विनिर्माण उद्योगों के भीतर मुख्य परिचालनों में करियर तलाशने की इच्छुक महिलाओं के लिए अवसरों की दुनिया खुल गई है। यह पहल वेदांता एल्यूमिनियम में यह सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों में

# वेदांता एल्यूमिनियम ने वेदांता समूह की पहली महिला लोकोमोटिव इंजन टीम की नियुक्ति की

**यह अग्रणी पहल लैंगिक समावेशिता में एक प्रमुख मील का पत्थर है, जो महिलाओं को दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम संयंत्रों में से एक में महत्वपूर्ण संचालन का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाती है**




**नवीनतम है कि हम अपनी नियुक्तियों के मामले में दृढ़ संकल्प, कौशल और सफल होने की इच्छा को अन्य सभी कारकों से ऊपर प्राथमिकता देते हैं।**

एजेंसी,रायपुर

भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमीनियम ने झारसुगुडा स्थित कंपनी के विश्व स्तरीय एल्यूमिनियम स्मेल्टर में महिला लोकोमोटिव इंजन टीम की तैनाती की घोषणा की है। वेदांता समूह में यह इस किस्म की पहली तैनाती है, इसके साथ ही कंपनी ने मैन्युफैक्क्रिंग एवं औद्योगिक क्षेत्रों में समावेशिता और लैंगिक विविधता को बढ़ाने की दिशा में अग्रणी कदम उठाया है।

इस ऐतिहासिक पहल से महिला पेशेवरों को संयंत्र के सबसे महत्वपूर्ण लॉजिस्टिकल ऑपरेशंस में से एक, यानी एक समर्पित लोकोमोटिव इंजन व रेक के जरिए कच्चे माल की आंतरिक आवाजाही की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नई तैनात टीम इस आवश्यक संपत्ति के कुशल व सुरक्षित संचालन एवं रखरखाव का दायित्व निभाएगी और इसमें शामिल हैं- चार लोको ड्राइवर (शिफ्ट में काम करने वाले), एक गेटवुमन और दो सहायक कर्मचारी।

यह तैनाती विविधतापूर्ण, न्यायसंगत और समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए वेदांता एल्यूमिनियम की दृढ़ प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। कंपनी ने झारसुगुडा में ऐसे कई कदम उठाए हैं जो इस इंडस्ट्री में पहले हैं जैसे कि 'श्री शक्ति' की शुरुआत जिसके तहत 108 महिलाओं ने रात की पाली के दौरान महत्वपूर्ण ऑपरेशनल भूमिकाएं निभाई हैं; ओडिशा के औद्योगिक परिदृश्य में यह अपनी किस्म का पहला कदम है। इसके अतिरिक्त, वेदांता ने हाल ही में यहां भारतीय एल्यूमिनियम उद्योग की पहली पूर्णतः महिला-प्रबंधित पॉटलाइन का उद्घाटन किया। एल्यूमिनियम उत्पादन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह पॉटलाइन तीन चरणों में चालू की जाएगी, जिसमें 100 से अधिक महिला कर्मचारियों को इंटरनल जॉब पोस्टिंग के जरिए चुना जाएगा और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें कुशल बनाया जाएगा।

इस उपलब्धि पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, ''वेदांता एल्यूमिनियम में, हम मानते हैं कि सच्ची प्रगति समान अवसर से आती है, जहां सभी को योगदान करने, आगे बढ़ने और नेतृत्व करने का मौका मिलता है। समावेशिता हमारे लिए सिर्फ एक बुनियादी मूल्य नहीं है, यह नवाचार, लचीलेपन और प्रचालन उत्कृष्टता के लिए उत्प्रेरक है। पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय विनिर्माण के मूल ढांचे को बदल रही है। हमारी महिला लोकोमोटिव टीम की तैनाती रूढ़ियों को तोड़ने और औद्योगिक संचालन में महिलाओं के लिए सार्थक रास्ते बनाने के हमारे सफर में एक और मील का पत्थर है। लॉजिस्टिक्स और उत्पादन से लेकर महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्यों तक, हमारी महिला पेशेवर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं और भावी पीढ़ियों को देश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने में अपनी भूमिका की फिर से कल्पना करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।''

वर्तमान में, 1200 से अधिक महिला पेशेवर वेदांता एल्यूमिनियम की सफलता में योगदान दे रही हैं, जो तकनीकी संचालन से लेकर प्रबंधकीय नेतृत्व तक की भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं। यह महिला कर्मचारियों को आवश्यक पेशेवर कौशल, औद्योगिक प्रक्रियाओं में उन्नत प्रशिक्षण के अवसर और विश्व स्तरीय तकनीकों से परिचित कराकर उनकी पूरी क्षमता को उजागर करने में मदद करता है। यह पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान खनन, धातु और आधुनिक विनिर्माण उद्योगों में पुरस्कृत और अभूतपूर्व करियर बनाने के लिए और अधिक महिलाओं को प्रेरित कर सकता है।

वेदांता एल्यूमिनियम ने अपनी सभी प्लांट लोकेशनों पर लगातार प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन प्राप्त किया है, जो भारत के विनिर्माण क्षेत्र में एक शीर्ष नियोक्ता के रूप में इसकी प्रतिष्ठा की पुष्टि करता है। यह

# गोल्ड लोन की एलटीवी में वृद्धि से एनबीएफसी सेक्टर की ग्रोथ में होगा इजाफा- रिपोर्ट

एजेंसी, मुंबई,

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से गोल्ड लोन के लिए लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) बढ़ाने से नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) की ग्रोथ को बढ़ावा मिल सकता है। क्रिसिल की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई थी।

आरबीआई की ओर से गोल्ड लोन एलटीवी पर जारी फाइनल डारेक्शन में बताया गया कि 2.5 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन के लिए एलटीवी अब 85 प्रतिशत होगा, जो कि पहले 75 प्रतिशत था।

क्रिसिल रेटिंग्स ने रिपोर्ट में बताया कि एनबीएफसी कंपनियों के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में 70 प्रतिशत से अधिक लोन 5 लाख रुपए से कम की टिकट साइज के है।

क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक मालविका भोटिका ने कहा, कम-टिकट लोन के लिए एलटीवी स्टैंडर्ड में संशोधन से गोल्ड लोन-केंद्रित एनबीएफसी को दो तरह से लाभ होने की उम्मीद है। सबसे पहले यह बुलेट रीमेंट लोन में अर्जित ब्याज को ध्यान में रखने के बाद भी एलटीवी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक कुशन प्रदान करेगा। दूसरा, यह लोन देने




के लिए अतिरिक्त हेडरूम प्रदान करेगा। बुलेट लोन के लिए एलटीवी वर्तमान में 65-68 प्रतिशत से बढ़कर 70-75 प्रतिशत हो सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया कि ड्राफ्ट डारेक्शन में एलटीवी उल्लंघन के मामले में 30 दिनों की निरंतर अवधि के लिए 1 प्रतिशत अतिरिक्त स्टैंडर्ड एसेट्स प्रावधान का प्रस्ताव किया गया था। फाइनल डारेक्शन में इस अतिरिक्त प्रावधान का कोई संदर्भ नहीं दिया गया है। हालांकि, लेंडर की क्रेडिट पॉलिसी में एलटीवी उल्लंघन के लिए की जाने वाली कार्रवाई के साथ-साथ नीलामी के लिए ट्रिगर इवेंट आदि को निर्दिष्ट करना होगा। एक और महत्वपूर्ण डारेक्शन जो लोन नवीनीकरण और/या टॉप-अप के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है, यह पहले जारी किए गए ड्राफ्ट निर्देशों के अनुरूप है।

## हवाई सफर रोड ट्रैवल से 1000 गुना ज्यादा सुरक्षित, डरने की जरूरत नहीं डॉ. सुभाष गोयल

एसटीआईसी ट्रैवल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सुभाष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश जैसे हादसों से साइकोलॉजिकल डर का पैदा होना लाजमी है, हालांकि एयर प्लेन ट्रैवल रोड ट्रैवल से 1000 गुना ज्यादा सुरक्षित है। डॉ. सुभाष गोयल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि मौत को कोई रोक भी नहीं सकता है। अगर एक्सिडेंट होना होगा तो आप रोड़ क्रॉस करते हुए भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। गोयल ने अपनी बात समझाते हुए कहा, हमने देखा कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, जिसे दुनिया के सबसे सुरक्षित एयरक्राफ्ट में गिना जाता है, किस तरह बम की तरह फट जाता है। है। इस भयावह और दुखद घटना में हमने यह भी देखा कि किस तरह एक आदमी बचकर निकल आया।

# अदाणी सीमेंट और क्रेडाई ने की साझेदारी, सस्टेनेबल और हाई-क्वालिटी वाले शहरी निर्माण को बढ़ावा देंगे

**एजेंसी, अहमदाबाद,**

अदाणी सीमेंट और कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने शुक्रवार को देश में सस्टेनेबल और हाई-क्वालिटी वाले निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया।

यह रणनीतिक साझेदारी अदाणी सीमेंट और देश के निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स के शीर्ष निकाय को एक साथ लाती है, जिसका उद्देश्य दोनों संगठनों और निर्माण उद्योग को लाभ पहुंचाना है।

इस साझेदारी के तहत अदाणी सीमेंट अपने बी2बी आउटरीच को मजबूत करने के लिए क्रेडाई के 13,000 से अधिक डेवलपर्स के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का लाभ उठाएगा, जबकि क्रेडाई के सदस्य अदाणी सीमेंट के उद्योग-अग्रणी समाधानों से लाभान्वित होंगे।

यह साझेदारी गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की उपस्थिति में पंजिम में आयोजित क्रेडाई गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान साइन हुई, जिसमें उद्योग निकाय के पदाधिकारी और देश भर के प्रमुख डेवलपर्स शामिल हुए। अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, क्रेडाई के




साथ हमारी साझेदारी, सस्टेनेबल और इनोवेटिव कंस्ट्रक्शन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए अदाणी सीमेंट की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। क्रेडाई के साथ हाथ मिलाकर हमारा लक्ष्य भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में विश्व स्तरीय सीमेंट उत्पादों और ग्रीन कंक्रीट सॉल्यूशंस को अपनाने में तेजी लाना है।

उन्होंने आगे कहा कि यह साझेदारी ग्रीन, स्मार्ट शहरी भविष्य के निर्माण के हमारे विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, जिसमें अदाणी सीमेंट की तकनीकी विशेषज्ञता और क्रेडाई का जमीनी अनुभव एक साथ मिलकर मजबूत, सुरक्षित और अधिक सस्टेनेबल संरचनाएं बनाते हैं।

बहेटी ने कहा, हम क्रेडाई के सदस्यों के साथ मिलकर काम करने और अपनी सर्वश्रेष्ठ सामग्रियों और आरएंडडी क्षमताओं के साथ उनका सपोर्ट करने के लिए उत्साहित हैं, जिससे अंततः घर के मालिकों को बेहतर मूल्य मिलेगा और भारत की विकास कहानी में योगदान मिलेगा। यह घोषणा ऐसे महत्वपूर्ण समय में की गई है जब भारत के सीमेंट उपभोग पैटर्न में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है। परंपरागत रूप से खुदरा क्षेत्र में घर बनाने में उपयोग होने वाले सीमेंट की हिस्सेदारी मांग में लगभग 60 प्रतिशत है। हालांकि, तेज शहरीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास ने बी2बी मांग में उछाल को बढ़ावा दिया है और बड़े रियल एस्टेट विकास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से सीमेंट की खपत तेज गति से बढ़ रही है।

## अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों के लिए एलआईसी दावों के निपटान में लाएगा तेजी



एजेंसी, नई दिल्ली

अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुखद दुर्घटना के मद्देनजर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को पीड़ितों के परिवारों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए तत्काल उपायों की घोषणा की।

बीमाकर्ता ने कहा कि वह दावों के निपटान में तेजी लाएगा और प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए कई रियायतें देगा।

एलआईसी ने दुर्घटना में मारे गए यात्रियों, क्रू मेंबर्स सहित घटना के समय जमीन पर मौजूद लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

कंपनी ने एक बयान में कहा, भारतीय जीवन बीमा निगम अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के यात्रियों और क्रू मेंबर्स और हादसे के समय जमीन पर मौजूद लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करता है।

बीमाकर्ता ने आश्वासन दिया कि वह प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए दावों के निपटान में तेजी लाएगा।

एलआईसी ने पीड़ितों के परिवारों के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करने के लिए कई विशेष रियायतें शुरू की हैं।

बयान में कहा गया है, मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु का सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार या एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

# सोने की कीमत 1,600 रुपए से अधिक बढ़ी, चांदी 1.06 लाख रुपए के पार

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक सोना 1.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,457.20 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 36.31 डॉलर प्रति औंस पर थी। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,896 रुपए या 30.06*

एजेंसी, नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी की कीमत 1.06 लाख रुपए प्रति किलो को पार कर गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 1,603 रुपए बढ़कर 99,058 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि गुरुवार को 97,455 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की



कीमत बढ़कर 90,737 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,269 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,294 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,091 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए द्वारा दिन में दो बार-सुबह और शाम सोने की कीमतें जारी की जाती हैं।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 669 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,498 रुपए प्रति किलो थी।

कामा ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर कॉलिन शाह ने कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और भारतीय रुपए के कमजोर होने के चलते देश में सोने की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि सोने की कीमतों को अल्पावधि में प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते एमसीएक्स पर सोना 1,00,200 रुपए से 1,00,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रह सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक सोना 1.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,457.20 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 36.31 डॉलर प्रति औंस पर थी। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,896 रुपए या 30.06 प्रतिशत बढ़कर 99,058 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,150 रुपए या 23.42 प्रतिशत बढ़कर 1,06,167 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 बिलियन डॉलर बढ़ा

**सप्ताह के दौरान तीव्र वृद्धि ने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को 704.885 बिलियन डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर के करीब पहुंचा दिया है, जो सितंबर 2024 के अंत में देश ने हासिल किया था।**

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6 जून को समाप्त हुए सप्ताह में 5.17 बिलियन डॉलर बढ़कर 696.66 बिलियन डॉलर हो गया है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई।

6 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 3.47 बिलियन डॉलर बढ़कर 587.69 बिलियन डॉलर हो गई है।

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक गोल्ड रिसर्व 1.6 मिलियन डॉलर बढ़कर 85.89 बिलियन डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक तनावों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच दुनिया भर के



केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोना जमा कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2021 से विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी को बढ़ाकर लगभग दोगुना कर दिया है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि विदेशी मुद्रा कोष में विशेष आहरण अधिकार का मूल्य 102 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.67 बिलियन डॉलर हो गया।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 6 जून को समाप्त सप्ताह में 14 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.4 बिलियन डॉलर हो गई।

# केंद्र ने शेल इंडिया के साथ मिलकर ग्रीन स्किल-केंद्रित ईवी ट्रेनिंग प्रोग्राम किया लॉन्च

**ग्रीन स्किल एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल ( ईवी ) ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को ग्रीन एनर्जी और ई-मोबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से लैस करना है।**

एजेंसी, नई दिल्ली

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शेल इंडिया के साथ मिलकर एक ट्रेनिंग प्रोग्राम लॉन्च किया है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत देश के युवाओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल और ग्रीन एनर्जी सेक्टर के लिए कौशल प्रदान किया जाएगा।

ग्रीन स्किल एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को ग्रीन एनर्जी और ई-मोबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से लैस करना है।

यह पहल ऐसे समय में की गई है, जब



सरकार अपनी नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप ग्रीन एनर्जी और ईवी अपनाने को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।

एमएसडीई शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा, शेल इंडिया के साथ हमारी साझेदारी स्किल को सस्टेनेबिलिटी के साथ जोड़ने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और व्यापक जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण से जुड़ी अनिवार्यताएं नहीं हैं, बल्कि यह भारत के लिए इनोवेशन, टैलेंट और उद्यम के माध्यम से नेतृत्व करने के लिए एक पीढ़ीगत अवसर भी पेश करते हैं।

कहा कि यह पहल हमारे उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत हम एक ऐसा वर्कफोर्स तैयार करना चाहते हैं जो न केवल नौकरी के लिए तैयार हो, बल्कि जलवायु के लिए भी तैयार हो।

हम युवा भारतीयों को ग्लोबल ग्रीन इकोनॉमी को आकार देने के लिए कौशल से लैस कर रहे हैं। इस साझेदारी के तहत दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में चुनिंदा राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में एक स्ट्रक्चर्ड मल्टी-टायर मॉडल के जरिए ग्रीन स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। एमएसडीई ने कहा कि पहले चरण में, कार्यक्रम के तहत चार एनएसटीआई में 240 घंटे का एडवांस्ड ईवी टेक्निशियन कोर्स, शेल सपोर्टेड लैब्स वाले 12 आईटीआई में 90 घंटे का जॉब-ऑरिएंटेड ईवी स्किल्स कोर्स और एडिशनल आईटीआई में फिजिकल लैब्स के बिना 50 घंटे का फाउंडेशनल ग्रीन स्किल मॉड्यूल शामिल है। इस पहल में 250 से अधिक इंस्ट्रक्टर्स के लिए ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी), शेल और डीजीटी से को-ब्रांडेड सर्टिफिकेशन और उद्योग की तत्परता बढ़ाने के लिए स्ट्रक्चर्ड प्लेसमेंट सपोर्ट भी शामिल है।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
ब्राह्मणपारा लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समता शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेफेयर इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेंड्रिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विवेका कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2583593

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# सड़क पर उतरे संविदा कर्मचारी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मांग पूरी नहीं होने पर दी ये चेतावनी






**प्रतिदिन राजधानी, कोंडागांव**

। चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ सड़क पर उतर गए हैं और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। दरअसल, छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने गुरुवार को कोण्डागांव कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित वेतनमान पर संविलियन की मांग दोहराई है।

संघ के संभागीय सचिव दीपक ठाकुर ने बताया कि, विभाग के अंतर्गत आश्रम-छात्रावासों में 15 से 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आज भी अस्थायी व्यवस्था में काम कर रहे हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में ऐसे कर्मचारियों को नियमित वेतनमान में समाहित किया जा चुका है।

उन्होंने आगे बताया कि, इस संबंध में पहले भी कई बार पत्राचार किया गया है। सहायक आयुक्त को 26 मार्च, 15 मई और 19 मई को अलग-अलग पत्रों के माध्यम से मांगों से अवगत कराया गया है, साथ ही जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से भी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। लेकिन विभाग की ओर से केवल आश्वासन दिया जा रहा है, ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

संघ ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि आगामी सात दिनों के भीतर नियमित वेतनमान पर संविलियन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाती, तो वे 19 जून को सहायक आयुक्त कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि, यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल जाता।

# दंतेवाड़ा की पूर्णिमा बनी प्रेरणा स्त्रोत, घर में बनाया पढ़ाई का कोना, अब किशोरों को करेंगी जागरूक

**प्रतिदिन राजधानी,दंतेवाड़ा**

दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम बेदीपारा की किशोरी पूर्णिमा नागवंशी आज युवाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। हाल ही में आयोजित एक कार्यशाला में भाग लेने के बाद पूर्णिमा ने अपने घर में ष्पढ़ाई का कोनाष् तैयार कर शिक्षा के प्रति नई पहल की शुरुआत की है।

जिला प्रशासन, यूनिसेफ और सर्वहितम के संयुक्त प्रयासों से आयोजित की गई थी, इस कार्यशाला में मितानिन दीदियों, ग्रामीण महिलाओं, अभिभावकों और किशोर-किशोरियों ने हिस्सा लिया। इसमें रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा और पढ़ाई का कोना जैसे कार्यक्रमों पर प्रशिक्षण दिया गया।

पूर्णिमा नागवंशी, जो इस कार्यशाला की प्रतिभागी थीं, ने



इस पहल के महत्त्व को गंभीरता से समझा। घर लौटकर उन्होंने अपनी मां की पुरानी साड़ी से एक घेरा बनाकर एक शांत और सुव्यवस्थित अध्ययन स्थल तैयार किया। उन्होंने वहां अपनी किताबें सजाईं, दीवार पर पढ़ाई का रूटीन चिपकाया और उसी स्थान को अपनी नियमित पढ़ाई का केंद्र बना लिया।

पूर्णिमा का कहना है, अब मुझे पढ़ाई में पहले से ज्यादा रुचि हो रही है। मेरे माता-पिता भी अब मेरा उत्साहवर्धन कर रहे हैं। वह अब अपने गांव के अन्य किशोर-किशोरियों को भी पढ़ाई का कोना बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका उद्देश्य है कि हर बच्चा पढ़ाई के लिए एक समर्पित स्थान बनाए, जिससे अनुशासित और केंद्रित अध्ययन की आदत विकसित विकसित कर सके।

पूर्णिमा का यह प्रयास न केवल व्यक्तिगत विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह गांव के अन्य किशोर-किशोरियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।

गौरतलब है कि रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा और पढ़ाई का कोना जैसे कार्यक्रम वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले के 100 चयनित गांवों में किशोरों के समग्र विकास के उद्देश्य से क्रियान्वित किए जा रहे हैं।

# **तीन तलाक** दहेज में बाइक नहीं मिली तो तलाक-तलाक-तलाक बोलकर घर से निकाला, लालची पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पीड़िता का आरोप है कि शादी के 10 दिन बाद से ही नासीर और उसकी मां फरीदा बेगम उसे कम दहेज लाने का ताना देने लगे। पति ने दहेज में बाइक की मांग की और इसके लिए उस पर मानसिक और शारीरिक रूप से दबाव बनाता रहा। महिला ने मायके की आर्थिक स्थिति बताते हुए बाइक देने से इंकार किया।**




**प्रतिदिन राजधानी,बिलासपुर**

जिले से तीन तलाक का मामला सामने आया है। जहां दहेज में बाइक नहीं मिलने से नाराज पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया और तीन तलाक दे दिया। महिला ने इसकी शिकायत महिला थाने में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तारबाहर क्षेत्र निवासी पीड़िता की शादी दिसंबर 2022 में मुस्लिम रीति-रिवाज से दुर्ग जिले के सुपेला निवासी नासीर अली से हुई थी।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के 10 दिन बाद से ही नासीर और उसकी मां फरीदा बेगम उसे कम दहेज लाने का ताना देने लगे। पति ने दहेज में बाइक की मांग की और इसके लिए उस पर मानसिक और शारीरिक रूप से दबाव बनाता रहा। महिला ने मायके की आर्थिक स्थिति बताते हुए बाइक देने से इंकार किया। इसके बाद भी पति और सास आए दिन उसे प्रताड़ित करते रहे। मायके वालों ने ससुराल वालों से मिलजुलकर रहने की समझाइश दी, जिसके बाद पीड़िता ने तानों को नजरअंदाज कर ससुराल में रहना जारी रखा। करीब 10 महीने तक प्रताड़ना सहने के बाद वह मायके लौट आई। बाद में दोनों परिवारों की बैठक में नासीर ने पत्नी को अच्छे से रखने का भरोसा दिलाया, जिस पर महिला फिर ससुराल लौट गई।

ससुराल लौटने के कुछ समय बाद ही फिर से विवाहिता के साथ मारपीट और प्रताड़ना शुरू हो गई। करीब सात महीने बाद नासीर और उसकी मां ने महिला की पिटाई की और नासीर ने उसे तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। पीड़िता अब अपने मायके में रह रही है। सुलह की कई कोशिशें नाकाम होने के बाद महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# फिल्मी स्टाइल में युवक का अपहरण, पिता को फोन कर मांगी 17 लाख की फिरौती

**प्रतिदिन राजधानी,जांजगीर चांपा**

फिल्मी स्टाइल में युवक का अपहरण, पिता को फोन कर मांगी 17 लाख की फिरौती, फिर पुलिस ने बिछाया जाल, खेत में दौड़ाकर पकड़ा छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले से एक सनसनीखेज अपहरण का मामला सामने आया है। लक्ष्मणपुर गांव के एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर अगवा किया गया और उसके पिता से 17 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। इस पूरे मामले को अपराधियों ने फिल्मी स्टाइल में अंजाम दिया, लेकिन पुलिस की सटीक रणनीति ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है, जहां लक्ष्मणपुर निवासी युवक बुधराम साहू को पहले एक लड़की के जरिए वॉट्सऐप चैट के माध्यम से बहला-फुसलाकर बुलाया गया और फिर अगवा कर लिया गया। इसके बाद अपहरणकर्ताओं ने युवक के पिता को फोन कर 17 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने रकम लेकर एक खेत में आने को कहा और रास्ते भर उन्हें फिल्मी अंदाज़ में लोकेशन देते हुए बताया कि पैसा कहां और कैसे रखना है।



इस अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और पूरी रात ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुबह तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच खेत में घेराबंदी कर पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए दो आरोपियों में युवक अभय कुमार सूर्यवंशी और युवती आयशा बेगम शामिल हैं, जबकि एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

# भटगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई पशु तस्करी में लिप्त 4 आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिदिन राजधानी, भटगांव**

पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पांडे और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में भटगांव थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी में लिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को 13 जून को न्यायिक रिमांड पर कोर्ट में पेश किया गया है।

कैसे हुआ खुलासा?

30 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मिरचीद के नदी किनारे कुछ लोग आसपास के क्षेत्रों से मवेशियों को इकट्ठा कर रहे हैं और उन्हें झारखंड के बूचड़खाने ले जाने की तैयारी है। सूचना पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम नगरदा पहुंचकर घेराबंदी की और मिरचीद के नदी किनारे से 37 मवेशी (बैल) जब्त किए।

मौके से भागे आरोपी, तीन मोटरसाइकिल बरामद

कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके पर तीन मोटरसाइकिल ( 8223) छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मवेशियों की अनुमानित कीमत



?1,85,000 और मोटरसाइकिलों की कीमत ?1,20,000 आंकी है। कुल जब्ती की कीमत ?3,05,000 है।

**गिरफ्तार आरोपीगण- नाम व विवरण**

खेमचंद यादव पिता जीवन यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम नगरदा, थाना बिलाईगढ़

टेकराम जाटवर पिता धनसाय जाटवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड 03, जागड़े मोहल्ला, ग्राम परसाडीह

भट्टे उर्फ शिवरात्रि चंदेल, उम्र 42 वर्ष, निवासी राहौद, थाना

शिवरीनारायण रमेश यादव पिता बुड़गा राम यादव, उम्र 50 वर्ष, निवासी धरदेई

**जांच में जुड़े अन्य नाम**

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे अपने अन्य साथियों राजकुमार साहू निवासी मिरचीद और बुदरू यादव निवासी गंतुला के साथ मिलकर किसानों से गाय-बैल खरीदते थे और झारखंड के खरीदारों को बेच देते थे।

सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। 37 मवेशियों को शारीरिक परीक्षण के बाद गौशाला में सुरक्षित भेज दिया गया है।

कार्यवाही में शामिल अधिकारी उप निरीक्षक शिव कुमार धारी (थाना प्रभारी) प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पटेल आरक्षक हेमंत जाटवर, कमल कुर्रे, राजू साहू एवं थाना भटगांव का समस्त स्टाफ

भटगांव पुलिस की इस सटीक कार्रवाई ने एक संगठित पशु तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध पशु तस्करी करने वालों के खिलाफ अब कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ऐसी गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 'ऑपरेशन कगार' की दहशत नक्सलियों ने जारी किया प्रेस नोट




**प्रतिदिन राजधानी,बस्तर**

सेंट्रल मेंबर समेत 7 माओवादियों के मारे जाने की स्वीकारी बात

। माओवादियों की पश्चिम बस्तर डिविजन ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हुई मुठभेड़ को लेकर प्रेस नोट जारी कर खुद अपने नुकसान को सार्वजनिक कर दिया है. प्रेस नोट में माओवादियों ने 7 साथियों के मारे जाने की बात कबूल की है. गौरतलब है कि बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में 5, 6 और 7 जून को अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने सात माओवादियों को ढेर किया था. यह ऑपरेशन तीन दिन तक चला और इसमें फोर्स को बड़े कैडर के




माओवादियों को मार गिराने में सफलता मिली थी.

पश्चिम बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव मोहन द्वारा जारी प्रेस नोट में सेंट्रल कमेटी मेंबर गौतम उर्फ सुधाकर और तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य भास्कर सहित कुल 7 माओवादियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है.

# भाजपा विधायक गजेंद्र यादव घायल हुए, अस्पताल में भर्ती

**प्रतिदिन राजधानी, दुर्ग**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव आज सुबह बैडमिंटन खेलते समय घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। राहत की बात है कि अब उनकी स्थिति स्थिर है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। जानकारी के मुताबिक, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव रोज सुबह की तरह उठकर अपने साथियों के साथ घर के सामने बैडमिंटन खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें दुर्ग के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें नींद पूरी करने और आराम करने की सलाह दी। अस्पताल में विधायक गजेंद्र यादव का इलाज जारी है।



वहीं गजेंद्र यादव की भर्ती होते ही भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, महामंत्री, महापौर अलका बाघमार, निगम के पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे थे। सभी ने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली और यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बताया जा रहा कि 15 जून को विधायक गजेंद्र यादव का जन्मदिन है। 14 जून को विधायक यादव ने आरएसएस के वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम भी रखा है।वहीं गजेंद्र यादव की भर्ती होते ही भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, महामंत्री, महापौर अलका बाघमार, निगम के पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे थे। सभी ने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली और यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बताया जा रहा कि 15 जून को विधायक गजेंद्र यादव का जन्मदिन है। 14 जून को विधायक यादव ने आरएसएस के वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम भी रखा है।वहीं गजेंद्र यादव की भर्ती होते ही भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ नेता, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे थे। सभी ने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली और यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# अकलतरी गांव में डायरिया से मचा हड़कंप, 20 से ज्यादा बीमार

**प्रतिदिन राजधानी,जांजगीर चांपा**

जिले के अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत अकलतरी गाँव में डायरिया फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अब तक 20 से अधिक लोग इस बीमारी से प्रभावित हुए हैं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में अस्थायी उपचार शिविर स्थापित किया है, जहां मरीजों को प्राथमिक इलाज दिया जा रहा है। गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को अकलतरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर किया जा रहा है। फिलहाल डायरिया फैलने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसके मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्क॥श्व) विभाग की टीमें गांव में पानी के स्त्रोतों की जांच कर रही हैं। पानी के सैंपल लिए जा चुके हैं और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और दवा की व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे उबला पानी पिएं और सफाई का विशेष ध्यान रखें।

**डायरिया के लक्षण**



अगर ये डायरिया के लक्षण लंबे समय तक बने रहें या गंभीर हों, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में डायरिया के मामलों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है क्योंकि ये समूह निर्जलीकरण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। डायरिया के निम्नलिखित लक्षण- दिन में कई बार पानी जैसा या बहुत ही पतला मल त्याग होना। पेट में अचानक से दर्द होना या ऐंठन महसूस होना। उल्टी आना या मतली महसूस होना। शरीर का तापमान बढ़ना और बुखार आना। तेजी से वजन घट जाना, खासकर बच्चों में। शरीर में ऊर्जा की कमी महसूस होना और थकावट रहना। मल में खून या मवाद का दिखना, जो कि गंभीर संक्रमण या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। शरीर में पानी की कमी होना जिससे प्यास बढ़ जाती है। निर्जलीकरण के अन्य संकेतों में मुंह का सूखना, आंखों का धंसा हुआ दिखना, और पेशाब की कमी शामिल है।

**डायरिया से बचाव**

खाना बनाने और खाने से पहले और बाद में हाथ धोएं। टॉयलेट के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह से धोएं।

किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल करने के बाद हाथ धोएं। हमेशा स्वच्छ और फिल्टर किया हुआ पानी पीएं। उबला हुआ पानी पीना भी सुरक्षित होता है। पानी के स्त्रोत को स्वच्छ रखें और उसे दूषित होने से बचाएं। ताजे और साफ-सुथरे फल और सब्जियों का सेवन करें। खाना बनाने से पहले सभी खाद्य पदार्थों को अच्छी तरह से धो लें। मांस और अंडे को अच्छी तरह से पकाएं।

**सड़क किनारे के खाने से बचें**

बाहर के खाने से बचें, खासकर उन जगहों से जहां स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता। दूषित खाद्य पदार्थों से बचें

बासी और खराब हो चुके खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। यदि आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है, तो उसका सेवन न करें। जैसे लैक्टोज असहिष्णुता में दूध और दूध उत्पादों से बचें। बच्चों को रोटावायरस संक्रमण से बचाने के लिए रोटावायरस वैक्सीन लगवाएं। साफ कपड़े पहनें और साफ-सुथरे बिस्तर का उपयोग करें।

समय-समय पर अपने घर और आसपास की जगह की सफाई करें। यात्रा के दौरान साफ और सुरक्षित पानी और भोजन का सेवन करें।

सड़क किनारे के खाने से बचें और बोतलबंद पानी पीएं। प्रोबायोटिक्स सप्लीमेंट्स या खाद्य पदार्थ (जैसे दही) का सेवन करें, जो आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं। डायरिया का इलाज डायरिया के दौरान शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करने के लिए ह्रक्रस्न का सेवन करें। यह पाउडर के रूप में मिलता है जिसे पानी में घोलकर पीया जाता है।

**अधिक मात्रा में साफ पानी पिएं।**

नारियल पानी, सुप, और इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त पेय पदार्थों का सेवन करें। पचने में आसान भोजन खाएं, जैसे कि केला, चावल, सेब का सॉस, और टोस्ट तला हुआ और असहिष्णुता हो तो दूध लोपेरामाइड जैसी दवाइयां डॉक्टर की सलाह पर ली जा सकती हैं, जो आंतों की गति को धीमा करती हैं।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार, 14 जून 2025

# दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से अब तक 78 मौतें

## प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे राष्ट्रपति रामाफोसा



केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका)। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा शुक्रवार को देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के उन इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हाल की विनाशकारी बाढ़ में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य चौथे दिन भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

राष्ट्रपति रामाफोसा पूर्वी केप प्रांत के म्थाथा शहर जाएंगे, जहां मंगलवार की सुबह बाढ़ ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। रामाफोसा की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब आपदा के शुरुआत में प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना हो रही है। अत्यधिक खराब मौसम को आपदा का कारण माना जा रहा है। तीव्र बारिश, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग ने पिछले हफ्ते ही खराब मौसम की चेतावनी दी थी।

प्रांतीय सरकार के प्रमुख ने बताया कि बाढ़ आने के बाद शुरुआती कुछ घंटों में राहत कार्य लगभग रुक गया था क्योंकि वहां विशेष बचाव दल, गोताखोर और खोजी कुत्तों वाली टीम जैसे पर्याप्त संसाधन नहीं थे। पूर्वी केप प्रांत देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। पूर्वी केप प्रांत के प्रमुख ऑस्कर माबुयाने ने बताया कि इस 72 लाख की आबादी वाले प्रदेश में केवल एक ही बचाव हेलीकॉप्टर है, जो भी 500 किलोमीटर दूर एक अन्य शहर से लाया गया।

बाढ़ सुबह के समय आई, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। कई लोग बाढ़ में बह गए और उनके घर व सामान भी बह गए। अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे खोज जारी है, और शव मिल सकते हैं क्योंकि बचावकर्मी बाढ़ के पानी और तबाह हुए घरों की जांच कर रहे हैं। मरने वालों में कई बच्चे भी शामिल हैं। म्थाथा के एक निवासी जिनाथी धुसो ने कहा, मुझे मानसिक तौर मदद की जरूरत है, क्योंकि मैंने अपने सामने लोगों को मरते देखा। वे टिन की चादरों और मलबे के साथ पानी के साथ बह गए। उन्होंने बताया कि कुछ लोग किसी चीज को पकड़ने या चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह टूट गई और वे भी मर गए। इसीलिए अभी भी शव मिल रहे हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं।

संघीय सरकार की ओर से भेजी गई टीम का नेतृत्व कर रहे सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलबीसा ने गुरुवार देर रात राष्ट्रीय प्रसारक 'एसएबीसी' से कहा कि प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे लापता व्यक्तियों की सूचना दें, ताकि बचाव दल को पता चल सके कि उनके कितने और लोगों की तलाश करनी है। हलबीसा ने कहा, हम एक संकट में हैं। एक वास्तव में एक आपदा है। जैसे-जैसे पानी कम होगा, और लोग मिलेंगे।

# ईरान में इस्राइल का गुप्त हमला

## हथियारों की तस्करी कर अंदर से किए गए हमले; ईरान ने नियुक्त किए नए सैन्य कमांडर

दुबई। इस्राइली खुफिया एजेंसी 'मोसाद' ने ईरान के अंदर हथियारों की तस्करी की। जानकारी के मुताबिक, हमला शुरू होने से पहले ईरान के भीतर ही ड्रोन और अन्य हथियारों को सक्रिय किया गया। ये हमला तेहरान के पास ईरानी मिसाइल बेस को निशाना बनाने के लिए किया गया। वहीं इस हमले में मारे गए ईरानी सैन्य अधिकारियों की जगह अब नए कमांडरों की नियुक्ति कर दी गई है।



### ईरान ने दी प्रतिक्रिया, नए कमांडर किए नियुक्त

इस्राइली हमले में ईरान के दो शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने तुरंत नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्ति कर दी है। बता दें कि, जनरल अब्दुर्रहीम मूसेवी को ईरानी सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। इससे पहले वे थल सेना के प्रमुख थे। मोहम्मद पाकपुर को इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नया कमांडर बनाया गया है। उन्होंने जनरल होसैन सलामी की जगह ली है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य इकाई मानी जाती है, जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद बनाई गई थी और देश की धार्मिक सरकार का अहम स्तंभ है।

### इस्राइल-ईरान संघर्ष में क्या है ताजा स्थिति?

अभी तक इस हमले को लेकर ईरान या इस्राइल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन पश्चिमी मीडिया और सुरक्षा विशेषज्ञ इसे इस्राइल की नई तरह की गुप्त सैन्य कार्रवाई मान रहे हैं, जिसमें दुश्मन के देश के अंदर से ही हमला किया गया है। हालात फिलहाल बेहद तनावपूर्ण हैं, और इस हमले के बाद ईरान की प्रतिक्रिया और संभावित जवाबी कार्रवाई पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। इस्राइल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अगर दोनों देशों के बीच यह संघर्ष और गहराया, तो पूरे मध्य-पूर्व क्षेत्र की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है।

### इस्राइल ने ईरान पर किया हमला

इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान पर एक बड़ा हमला किया, जिसकी तैयारी गुप्त रूप से पहले ही कर ली गई थी। इस बात की जानकारी दो इस्राइली सुरक्षा अधिकारियों ने दी, जिन्होंने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बात की। इन अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने हमले से पहले ईरान के अंदर ड्रोन, सटीक निशाना लगाने वाले हथियार और अन्य विस्फोटक सामग्री भेज दी थी। इन हथियारों का इस्तेमाल ईरान की राजधानी तेहरान के पास स्थित मिसाइल बेस को निशाना बनाने में किया गया। बताया गया कि ईरान के अंदर एक गुप्त ठिकाने से विस्फोटक ड्रोन उड़ाए गए और साथ ही कुछ वाहनों में लगाए गए हथियार सिस्टम भी सक्रिय किए गए। इनका मकसद ईरान की हवाई सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करना था।

# 'लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध'

सैन फ्रांसिस्को। लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं?

### संघीय जज का आदेश



### कैलिफोर्निया के गवर्नर ने दायर की थी याचिका

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा।

मेजर जनरल स्कॉट शेरमैन ने कहा कि बुधवार तक लगभग 500 गार्ड सैनिकों को आव्रजन अभियानों में एजेंटों के साथ जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एजेंटों को सुरक्षा प्रदान करने वाले गार्ड सैनिकों की तस्वीरें आव्रजन अधिकारियों द्वारा पहले ही प्रसारित की जा चुकी हैं। शेरमैन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जो लॉस एंजिलिस में भेजे गए गार्ड सैनिकों और मरीन की देखरेख कर रहे हैं।

### ट्रंप ने भेजे 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन

बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन तैनात किए हैं। मामले में ट्रंप प्रशासन का कहना है कि ये तैनाती फेडरल इमारतों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए है। लेकिन कोर्ट में दायर दस्तावेजों के अनुसार, अब इन्हें आव्रजन छापों में मदद करने का आदेश दिया गया है, जिससे तनाव और अस्थिरता बढ़ने का खतरा है।

# गूगल क्लाउड में आई बड़ी तकनीकी गड़बड़ी, स्पॉटिफाई, स्नैपचैट




- यूट्यूब समेत कई सेवाएं प्रभावित

नई दिल्ली। गूगल क्लाउड में गुरुवार को आई बड़ी तकनीकी समस्या के कारण दुनियाभर में लाखों यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आउटेज से स्पॉटिफाई, डिस्कॉर्ड, स्नैपचैट, ट्विच, शॉपिफाई और एआई कंपनी एंथ्रोपिक जैसी बड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसके अलावा गूगल की अपनी सेवाएं जैसे जीमेल, गूगल मीट, यूट्यूब और गूगल सर्च भी कुछ देर के लिए ठप हो गईं।

मामले में गूगल क्लाउड की स्टेटस वेबसाइट पर बताया गया कि यह दिक्कत आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट सर्विस में आई गड़बड़ी के कारण हुई। कंपनी ने बताया कि उनके इंजीनियर इस मुद्दे को ठीक करने में जुटे हैं और कुछ लोकेशनों में सेवाएं बहाल हो चुकी हैं, हालांकि अब भी कई जगह असर बना हुआ है।

### गूगल ने शुरू की सुधार प्रक्रिया

सामने आ रही सैकड़ों शिकायतों के बाद गूगल ने अपने ताजा अपडेट में कहा कि हमारी टीम ने समस्या की जड़ पहचान ली है और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गूगल ने बताया कि अमेरिका के 'यूएस-सेंट्रल1' रीजन को छोड़कर बाकी सभी लोकेशनों में सेवाएं काफी हद तक ठीक हो चुकी हैं। हालांकि अब भी कई यूजर्स को अलग-अलग सेवाओं में दिक्कत आ रही है।

### ये सेवाएं हुई पूरी तरह प्रभावित

बता दें कि गूगल क्लाउड की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, इस तकनीकी समस्या से कई सेवाएं प्रभावित हुईं, जिनमें एजेंट असिस्ट, क्लाउड फायरस्टोर, गूगल ऐप इंजन, गूगल बिगक्वेरी, गूगल क्लाउड स्टोरेज, डायलॉगफ्लो, टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच-टू-टेक्स्ट और वर्टेक्स एआई सर्च जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। फिलहाल, गूगल ने यह नहीं बताया है कि सेवाएं पूरी तरह कब तक बहाल हो पाएंगी।

### स्पॉटिफाई के लिए 44000 शिकायतें

डाउनडिटेक्टर वेबसाइट के मुताबिक, अमेरिका में दोपहर करीब 2:46 बजे (ईटी) स्पॉटिफाई को लेकर 44,000 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि गूगल क्लाउड को लेकर 10,000 और गूगल मीट व गूगल सर्च को लेकर 4,000 से ज्यादा रिपोर्ट्स आईं। इतना ही नहीं डिस्कॉर्ड को लेकर भी 8,000 से अधिक यूजर्स ने समस्याएं दर्ज कराईं।

### क्लाउडफ्लेयर ने भी की आउटेज की पुष्टि

इसके साथ ही क्लाउडफ्लेयर ने भी गुरुवार को एक आउटेज की पुष्टि की, लेकिन कंपनी ने साफ किया कि उनकी सेवाएं पूरी तरह ठीक थीं और यह समस्या गूगल क्लाउड की गड़बड़ी से जुड़ी हुई थी।

# कर्नाटक मंत्रिमंडल ने नए सिरे से जातिगत गणना कराने का लिया निर्णय, सीएम सिद्दरमैया ने कही ये बात

बेंगलुरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को सर्व सम्मति से नया सामाजिक शैक्षणिक सर्वेक्षण कराने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने मंत्रिमंडल की विशेष बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में सर्व सम्मति से नए सिरे से जातिगत गणना कराने का निर्णय लिया गया।



- सरकार जातिगत गणना पर कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार विमर्श करेगी
- सरकार ने सर्वेक्षण करने और रिपोर्ट देने के लिए 90 दिन का समय निर्धारित किया है

### सीएम ने कही ये बात

सिद्दरमैया ने कहा कि सरकार इस संबंध में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार विमर्श करेगी। सरकार ने सर्वेक्षण करने और रिपोर्ट देने के लिए 90 दिन का समय निर्धारित किया है।

राज्य मंत्रिमंडल का यह निर्णय मंगलवार को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राज्य सरकार को कर्नाटक में नए सिरे से जाति आधारित सर्वेक्षण कराने के निर्देश के बाद आया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब मंत्रिमंडल पहले से ही 2015 में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर सरकार को सौंपी गई सामाजिक-शैक्षणिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विचार कर रही थी।

### कर्नाटक भाजपा ने विरोध प्रदर्शन स्थगित किया

वहीं, कर्नाटक भाजपा ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एअर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद राज्य सरकार के खिलाफ अपने बड़े विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। भाजपा राज्य में हुई भगदड़ की घटना के सिलसिले में 13 जून को विरोध प्रदर्शन का एलान किया था।

प्रदर्शन का उद्देश्य मुख्यमंत्री सिद्दरमैया तथा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को जिम्मेदार ठहराना तथा उनके इस्तीफे की मांग करना था। पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने की भी योजना बनाई थी।

# कैलिफोर्निया से तकरार तेजः ट्रंप ने रोका गैस संचालित कारों पर बैन, इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता पर भी उठाए सवाल



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कैलिफोर्निया की सरकार के बीच तकरार दिन-प्रतिदिन और गहराता ही जा रहा है। इसी बीच ट्रंप ने गुरुवार को एक ऐसा प्रस्ताव साइन किया, जिससे कैलिफोर्निया में 2035 तक नई गैस से चलने वाली कारों की बिक्री पर बैन लगाने का कानून रुक गया। ट्रंप ने इस कानून को पागलपन भरा और देश के लिए विनाशकारी बताया।

बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान तीन अहम प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कैलिफोर्निया के गैस कारों पर बैन को रोकना, भारी ट्रकों से निकलने वाले धुएं पर लगाम के नियम हटाना और टेलपाइप से होने वाले प्रदूषण को कम करने वाली नीतियों को खत्म करना शामिल है।

### कैलिफोर्निया सरकार का जवाबः अदालत में चुनौती

ट्रंप के प्रस्ताव पर दस्तखत होने से पहले ही कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राज्य इस कदम को अदालत में चुनौती देगा। उन्होंने कहा कि ये फैसले न सिर्फ अवैध हैं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से भरे हुए हैं। इससे लोगों की सेहत और पर्यावरण पर सीधा असर पड़ेगा। ध्यान रहे कि कैलिफोर्निया के साथ 10 अन्य डेमोक्रेटिक राज्यों ने भी इस कानूनी लड़ाई में साथ देने का लान किया है।

# कार्बन टैक्स पर भारत की दो टूक, EU से जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

स्टॉकहोम। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन (ईयू) अगर कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबैम) के तहत भारतीय वस्तुओं पर टैक्स लगाता है तो भारत भी उनकी वस्तुओं पर इस प्रकार के टैक्स लगा सकता है या अन्य जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यूरोपीय यूनियन की तरफ से ऐसा करना ठीक नहीं होगा और यह एकतरफा फैसला होगा।



उन्होंने कहा कि इस साल ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का लक्ष्य है, लेकिन हो सकता है बहुत जल्द भारत व ईयू के बीच एफटीए हो जाए। दोनों पक्षों के बीच वार्ता काफी आगे जा चुकी है और दोनों देशों ने एफटीए के बीच एक-दूसरे के संवेदनशील आइटम को दूर रखने का फैसला किया है।

# हेगसेथ बोले- जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड-पनामा पर कब्जा करेंगे

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक कब्जा करने की योजना बनाई है। कांग्रेस की तीखी बहस के दौरान बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जब उनसे सिग्नल चैट के इस्तेमाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया।

अमेरिकी संसदीय समिति-हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हेगसेथ से कई तीखे सवाल पूछे। सबसे कठिन सवाल सैन्य दिग्गजों की ओर से पूछे गए। इस दौरान हेगसेथ ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के बारे में पूछे गए कई सवालों के सीधे जवाब देने से बचने की कोशिश की, जिससे बहस और तेज हो गई।

### हमारा काम संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना: हेगसेथ

प्रतिनिधि एडम स्मिथ ने हेगसेथ से जब पूछा कि क्या पेंटागन ने ग्रीनलैंड या पनामा पर जबरन कब्जा करने की कोई योजना बनाई है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'हमारा काम हर संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना होता है।'

### हेगसेथ के गोलमोल जवाब पर सांसद टर्नर ने किया हस्तक्षेप

यह सामान्य बात है कि पेंटागन कई ऐसे संघर्षों की योजना बनाता है जो हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन जब हेगसेथ ने इस पर बार-बार गोलमोल जवाब दिए, तो एक रिपब्लिकन सांसद माइक टर्नर ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, 'आपकी गवाही का मतलब यह नहीं है कि पेंटागन ग्रीनलैंड पर हमला करने की तैयारी कर रहा है, सही है?'



### हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं: हेगसेथ

जैसे ही हेगसेथ ने आकस्मिक योजनाओं के बारे में फिर से वही जवाब दोहराया, तो टर्नर ने जोर देकर कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा ही कहेंगे।' इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया, 'हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ताकि वो किसी भी संभावित खतरे से सुरक्षित रहे।'

### डेमोक्रेट्स की नाराजगी और तीखे आरोप

बार-बार सांसदों ने हेगसेथ पर कई सवालों के जवाब नहीं देने का आरोप लगाया, खासकर कैपिटल हिल परपिछले दो दिनों की सुनवाई में। इस दौरान सांसद सालुद कार्बाजल इतने नाराज हो गए कि उन्होंने कहा, 'आप इस देश के लिए शर्म की बात हैं। आप नेतृत्व के लायक नहीं हैं। आपको तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।'

### सिग्नल चैट पर गोपनीय जानकारी के सवाल तीखी बहस

हेगसेथ पर आरोप है कि उन्होंने दो सिग्नल चैट का इस्तेमाल कर यमन में किए जाने वाले अमेरिकी हमलों की जानकारी अपने परिवार और कुछ अधिकारियों के साथ साझा की। इस पर सवाल उठे कि क्या उन्होंने गोपनीय जानकारी लीक की है? इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया कि उन्होंने जो भी जानकारी साझा की, वह गोपनीय नहीं थी। लेकिन सांसद सेठ मौलटन (जो खुद मरीन सेना में रह चुके हैं) ने कहा, 'आपको अच्छी तरह पता होना चाहिए कि कौन-सी जानकारी गोपनीय है।' हेगसेथ ने अपने जवाब में कहा कि जो बात साफ है वो ये कि ये एक सफल सैन्य अभियान था। हेगसेथ के सिग्नल इस्तेमाल पर पेंटागन निगरानी रिपोर्ट जल्द ही आने की उम्मीद है।

### अगर दोषी पाए गए तो क्या जवाबदेही लेंगे?

जब हेगसेथ से पूछा गया कि अगर जांच में वो दोषी पाए जाते हैं, तो क्या वे इस्तीफा देंगे या खुद को जवाबदेह ठहराएंगे? तो उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया, और सिर्फ इतना कहा कि वे 'राष्ट्रपति की इच्छा से काम करते हैं।'

# कचरे से कमाई की राहः रायपुर में बनेगा आधुनिक बायोगैस संयंत्र

## हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की ओर छत्तीसगढ़ का कदम

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

### कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के लिए त्रिपक्षीय समझौता

छत्तीसगढ़ सरकार ने सतत और पर्यावरण हितैषी नीति को गति देते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस दिशा में आज रायपुर नगर पालिक निगम, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के मध्य त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह एग्रीमेंट सतत योजना (SATAT & Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation) के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन हेतु किया गया है।

यह एग्रीमेंट छत्तीसगढ़ राज्य में सतत ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास को प्राथमिकता दे रही है। सतत योजना के तहत कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना न केवल अपशिष्ट प्रबंधन में सहायक होगी, बल्कि रोजगार और हरित अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी।



ग्राम रांवाभाटा, रायपुर में प्रस्तावित संयंत्र 100.150 टन प्रतिदिन MSW संसाधित कर बायोगैस का उत्पादन करेगा। इसमें शत–प्रतिशत निवेश भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 100 करोड़ रुपए की होगी। संयंत्र के माध्यम से रायपुर सहित आसपास के नगरीय निकायों से लगभग 150 टन प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट का उपयोग किया जाएगा।

### इस संयंत्र से जुड़ी प्रमुख विशेषताएं

रोजगार सृजनः संयंत्र के संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रति वर्ष रोजगार सृजित होंगे। पर्यावरणीय लाभ संयंत्र के संचालन से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी तथा राज्य हृद्ब्ल ‘द्गह्म्श श्वद्वद्वह्यह्यद्वश्ठ्ठ लक्ष्य की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। आय और राजस्व पूर्ण क्षमता पर कार्यरत संयंत्र से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ रुपए का जीएसटी प्राप्त होगा। जैविक खेती को बढ़ावा संयंत्र से सह–उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद का उपयोग जैविक कृषि को प्रोत्साहन देगा। इससे पूर्व 2024 में भिलाई नगर पालिक निगम के साथ त्रिपक्षीय समझौता हो चुका है, और 2025 में अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, राजनांदगांव धमतरी एवं बिलासपुर में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र हेतु एमओयू निष्पादित किया गया है। आज हुए एग्रीमेंट हस्ताक्षर कार्यक्रम में रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार, सीबीडीए के सीईओ सुमित सरकार, बीपीसीएल बायोफ्यूल्स प्रमुख अनिल कुमार पी, नगर निगम रायपुर कमिश्नर विश्वदीप समेत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सीबीडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैट ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज शाम 5:00 बजे कैट के प्रदेश कार्यालय में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत यात्रियां के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजली सभा रखी गई थी। सभा में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी शामिल रहें।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 1:00 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। उन्होनें आगे बताया कि अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर बहुत दुखी है। हम विमान में सवार सभी प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। नागरिकों का हताहत होना भी उतना ही दुखद है, जिनमें युवा मेडिकल छात्र भी शामिल हैं, जिनका जीवन और भविष्य इस त्रासदी से प्रभावित हुआ है। इस गहरे दुख की घड़ी में कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर देश के साथ एकजुटता में खडे हैं।

श्रद्धांजली सभा में कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी शामिल रहें :– जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्दर सिंह, वासु माखीजा, भरत जैन, जयराम कुकरेजा, महेश खिलासिया, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी, विजय पटेल, शंकर बजाज, विक्रांत राठौर, परिवन्द्रर सिंह, अमित गुप्ता, यश पटेल, प्रकाश माखीजा, बी.एस. परिहार, ब्रिजेश कुमार सिंह, अमीत गुप्ता ,खोखन कुण्डु एवं गणेशदास ।

# एसआरयू में न्यूरोडायवर्सिटी पर मानव संसाधन सम्मेलन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

आज श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय बहुप्रतीक्षित मानव संसाधन सम्मेलन 2025 के लिए तैयार है, जो परिवर्तनकारी विषय कार्यस्थल पर न्यूरोडायवर्सिटीः संज्ञानात्मक समावेशन के युग में प्रतिभा की पुनर्कल्पना पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्देश्य समावेशी नियुक्ति प्रथाओं के बढ़ते महत्व और आज के विकसित होते कार्य परिदृश्य में न्यूरोडायवर्सेंट प्रतिभा की अप्रयुक्त क्षमता पर प्रकाश डालना है।

रायपुर दक्षिण के माननीय विधान सभा सदस्य पुरेंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, और कार्यस्थल समावेशन के उद्देश्य के लिए अपना दृष्टिकोण और समर्थन प्रदान करेंगे।

छत्तीसगढ़ निशक्तजन (विकलांग) वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कवर्डिया और आरडीसी कंक्रीट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अनिल बंछोर विशिष्ट अतिथि होंगे, जो विविधता और समावेशन के प्रति नीति और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी पर बहुमूल्य दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

इस सम्मेलन में अग्रणी मानव संसाधन पेशेवरों, उद्योग जगत के नेताओं, विकलांगता अधिकार अधिवक्ताओं और नीति निर्माताओं के विचारोत्तेजक सत्रों, पैनल चर्चाओं और नेटवर्किंग अवसरों के लिए एक दिन के लिए आने की उम्मीद है।

# बर्खास्त बी.एड. शिक्षकों का समायोजन 17 जून से ओपन काउंसिलिंग

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2025 को जारी आदेश क्रमांक एफ 2–19/2024/20–तीन के तहत सेवा से समाप्त किए गए बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

इस निर्णय के तहत समायोजन की प्रक्रिया ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी, जो दिनांक 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक प्रतिदिन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में आयोजित की जाएगी।

कुल 2621 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में सम्मिलित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के समायोजन हेतु राज्य के 29 जिलों के स्कूलों में 2621 रिक्त पद निर्धारित किए गए हैं। काउंसिलिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए इसे दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में 150 एवं द्वितीय पाली में 150 अर्थात प्रतिदिन कुल 300 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी।

काउंसिलिंग में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in / पर उपलब्ध है। उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित रहें।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लगा मेडिकल कैंप

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर एवं ECHS poly clinic रायपुर के सौजन्य से 13 जून 2025 सुबह 10:30 से दोपहर 4:00 तक मेडिकल कैंप का आयोजन, जिला सैनिक कल्याण परिसर रायपुर मे किया गया । इस कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं क्रियान्वयन ब्रिगेडियर विवेक शर्मा (विशिष्ट सेवा मेडल) संचालक , संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में किया गया।



इस कैंप में

**1. नारायणा हॉस्पिटल पंडरी द्वाराः**

इरेगुलर मेडिकल चेकअप (ECG ,BP एवम् अन्य चेक अप) तथा हड्डी रोग संबंधित जांच ,



**2. श्री गणेश विनायक हॉस्पिटल द्वारा :**

आई चेक अप तथा चेकअप के बाद चश्मा वितरित किया गया।

एवं 3.बालको हॉस्पिटल द्वारा : कैंसर चेकअप किया गया । साथ ही

**4. रेड क्रॉस एवं ब्लड बैंक द्वारा :**

रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 150 से अधिक एनसीसी कैडेट एवं पूर्व सैनिक तथा कोसा हेड क्वार्टर हेडक्वार्टर के सैनिकों ने ब्लड डोनेट किया।

**5.आई. टी .एस .ए. हॉस्पिटल द्वारा :**

आर्थो एवम् मेडिकल स्पेशलिस्ट द्वारा जांच की गई। इस अवसर पर सभी भूत पूर्व सैनिक एवं परिवार जनों तथा अधिकारियों ने अधिकारियो संपूर्ण सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रिगेडियर डीके पात्रा ,ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर रायपुर के द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने सभी डॉक्टरों का मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया । कार्यक्रम में लगभग 400 भूतपूर्व सैनिक एवं परिवार जनों ने इस कैंप का लाभ उठाया।

# महापौर चौबे ने बारिश पूर्व नालो की सफाई का किया निरीक्षण

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन 8 क्षेत्र में खारून नदी पीहर नाला के बाजू में चिंगरी नाला क्षेत्र, नदी के किनारे जोन 6 वार्ड 63 में छुइया तालाब, शीतला मंदिर के पास टिकरापारा मोहल्ला, जोन 9 वार्ड 33 में केपिटल पैलेस के पीछे, अवंति विहार सेक्टर 1 कविता नगर नाला, जोन 9 कार्यालय एवं दलदल सिवनी स्थित इंदिरा स्मृति वन क्षेत्र का निरीक्षण एमआईसी सदस्य भोला राम साहू, खेम कुमार सेन, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद महेन्द्र औसर, देवदत्त द्विवेदी, प्रमोद साहू, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओ, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं राजधानी शहर में बारिश पूर्व नालो की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश जोन कमिश्नरो को वार्ड पार्षदो एवं आमजनों से स्थल पर चर्चा कर दिये।



महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने जोन 8 क्षेत्र में महादेव घाट खारून नदी के किनारे पीहर नाला, चिंगरी नाला क्षेत्र में बारिश पूर्व सफाई का निरीक्षण कर मानसून की पहली बारिश आने के पूर्व सुव्यवस्थित तरीके से सफाई करवाने नदी के किनारे अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा हटाने, नाले में जाली लगाकर कचरे को रोकने का कार्य करने एवं एसटीपी का सुव्यवस्थित संचालन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

महापौर एवं आयुक्त ने नगर निगम जोन 6 के वार्ड 63 के तहत टिकरापारा शीतला मंदिर छुइया तालाब नाला की सफाई व्यवस्था का बारिश पूर्व निरीक्षण किया। जोन 6 अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद सहित आमजनों से चर्चा की एवं सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर और आयुक्त ने गंदे पानी का सुगम निकास करने स्वीकृति अनुसार नई पुलिया का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# छग चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में मार्केटिंग और ऑटोमेशन पर वर्कशॉप

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा व्यापारियों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण व्हाट्सएप मार्केटिंग और ऑटोमेशन वर्कशॉप जियो इंटरेक्ट (Jio INteract) और मेटा (Meta) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 14 जून, 2025 को शाम 4 बजे चेंबर भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित है।

डिजिटल युग में व्यवसायियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को व्हाट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म की गहरी समझ प्रदान की जाएगी। इसका मुख्य फोकस व्हाट्सएप मार्केटिंग की रणनीतियाँ, ग्राहक सहभागिता बढ़ाना, और व्यापार संचालन में स्वचालन (ऑटोमेशन) को एकीकृत करना होगा।

वर्कशॉप में विशेषज्ञों द्वारा प्रमुख विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस पहल के बारे में कहा, आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में, डिजिटल उपकरणों का ज्ञान व्यवसायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वर्कशॉप हमारे सदस्यों को व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म का अधिकतम लाभ उठाने में मदद करेगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर सकें।

यह कार्यशाला विशेष रूप से व्यापारियों, छोटे और मध्यम उद्यमों स्त्रह्य के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संस्थापकों और उन सभी पेशेवरों के लिए डिजाइन की गई है जो अपने व्यवसाय को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। श्री थौरानी ने समस्त चेम्बर पदाधिकारियों एवं व्यापारिक/औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठावें।

# ओडिशा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिन्दल कृषि सेवा शुरू

## शालू जिन्दल ने मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन को दिखायी हरी झंडी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से तीसरी बार सांसद श्री नवीन जिन्दल के विजन को आगे बढ़ाते हुए जिन्दल फाउंडेशन ने ‘जिन्दल कृषि सेवा’ नामक एक परिवर्तनकारी योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य अंगुल जिले में रासायनिक खाद और कीटनाशकों से मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और कृषि उत्पादन को लंबे समय तक लाभकारी बनाना है।

इस परियोजना की शुरुआत जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने मंगलवार को मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर 300 से अधिक किसान, सरकारी अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ उपस्थित थे।

श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, जिन्दल कृषि सेवा एक ऐसा मंच है, जो प्राकृतिक खेती, किसानों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, प्राकृतिक बीज उपचार, जैविक खाद जैसे कंपोस्टिंग, वर्मी कल्चर, गोबर, गोमूत्र तथा जैव उर्वरक निर्माण की प्रक्रिया और फसल विविधता एवं आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता में हरसंभव सहयोग करेगा।



उन्होंने कहा, देश के किसान और उनका परिवार हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी हैं इसलिए जिन्दल कृषि सेवा के माध्यम से हम पर्यावरण संतुलन, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आर्थिक विकास का अपना संकल्प साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह परियोजना श्री नवीन जिन्दल की दूरदृष्टि से प्रेरित है, जिन्होंने हाल ही में संसद में प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे देशभर में मिशन के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस योजना के तहत मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन गांव–गांव जाकर मिट्टी की गुणवत्ता की जांच करेगी। इसमें मिट्टी में लवणता, नाइट्रोजन– फॉस्फोरस और पोटासियम का अनुपात और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता की जांच प्रमुख रूप से होगी और मात्र एक घंटे में मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड के साथ–साथ प्रत्येक खेत के लिए अनुकूल प्राकृतिक पोषक तत्वों की सिफारिशें उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रारंभिक चरण में यह सेवा अंगुल जिले के 49 गांवों में शुरू की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर फसल योजना और पोषण प्रबंधन में सहायता मिले।

‘जिन्दल कृषि सेवा’ का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को पुनर्स्थापित करना, मोटे अनाज (मिलेट्स) का प्रचार और किसानों की आजीविका सुधार को प्राथमिकता देना है जिसमें मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन के माध्यम से मिट्टी का परीक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रायपुर रेल मंडल के आरव्हीएच - आरएसडी सेक्शन में पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आरव्हीएच – आरएसडी सेक्शन में प्रीएनआई / एनआई कार्य दोहरीकरण कार्य के कारण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन दिनांक 21 से 26 जून तक प्रभावित रहेगा।

रद्द रहने वाली ट्रेनः–

(1) गाड़ी संख्या 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी।

(2) गाड़ी संख्या 68762 रायपुर अभनपुर पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी ।

(3) गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर दिनांक 21 से 25 जून 2025 तक रद्द रहेगी ।

(4) गाड़ी संख्या 58218 रायपुर टिटलागढ़ पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी।



**रीशेड्यूलिंग की जाने वाली गाड़ी**

(1) गाड़ी संख्या 58207 रायपुर–जुनारगढ़ रोड पैसेंजर दिनांक 22 जून एवं 23 जून को रायपुर से 2 घंटे रीशेड्यूल की जाएगी।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444